**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 15 अंक: 267 लखनऊ, शुक्रवार 22 मई 2026 मूल्य: 02 रूपये पृष्ठ- 08

## मोदी कैबिनेट की बड़ी बैठक आज सभी मंत्रियों को दिल्ली में रहने का निर्देश, फेरबदल की अटकलें और ग्लोबल संकट पर होगी चर्चा

एजेंसी।

दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी के विदेश दौरे से लौटने के तुरंत बाद हो रही इस बैठक को बेहद रणनीतिक माना जा रहा है, जिसमें कई बड़े नीतिगत और राजनीतिक फैसले लिए जा सकते हैं। उम्मीद है कि इसमें सभी केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री और राज्य मंत्री शामिल होंगे। देश के भीतर जारी तेज राजनीतिक और आर्थिक हलचलों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी गुरुवार शाम 4 बजे दिल्ली के श्सेवा तीर्थश में केंद्रीय मंत्रिपरिषद (ब्वनदबपस व िडपदपेजमते) की एक बेहद महत्वपूर्ण और आपात बैठक बुलाई है। सरकार के शीर्ष नेतृत्व ने इस बैठक की गंभीरता को देखते हुए सभी केंद्रीय मंत्रियों, स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्रियों और राज्य मंत्रियों को अनिवार्य रूप से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली



में ही मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं। प्रधानमंत्री मोदी के विदेश दौरे से लौटने के तुरंत बाद हो रही इस बैठक को बेहद रणनीतिक माना जा रहा है, जिसमें कई बड़े नीतिगत और राजनीतिक फैसले लिए जा सकते हैं। उम्मीद है कि इसमें सभी केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री और राज्य मंत्री शामिल होंगे।बातचीत में पश्चिम एशिया संघर्ष पर चर्चा की संभावनाश्इंडिया टुडेश को मिली जानकारी के अनुसार, चर्चा के दौरान पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और भारत पर इसके संभावित आर्थिक असर का मुद्दा उठने की उम्मीद है। क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के बीच, सरकार तेल की कीमतों, ईंधन आपूर्ति श्रृंखलाओं और महंगाई से जुड़ी चिंताओं पर बारीकी से नजर रख रही है।सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी विदेश दौरे से लौटने के बाद बदलती हुई स्थिति की समीक्षा करेंगे। सरकार ने इस संकट पर नजर रखने और भारत को किसी भी तरह की बाधा से बचाने के उपाय सुझाने के लिए, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अगुवाई में मंत्रियों का एक उच्च–स्तरीय अनौपचारिक समूह पहले ही गठित कर दिया है।केंद्रीय मंत्री अमित शाह, निर्मला सीतारमण और हरदीप सिंह पुरी इस समूह का हिस्सा हैं। राजनाथ सिंह ने हाल ही में कहा था कि सरकार स्थिति पर ष्चौबीसों घंटे नजरष् रख रही है। सिंह ने कहा था, ष्चाहे कच्चा तेल हो, ऊर्जा हो या फिर स्च्ळ, आज भी हमारे पास इनका पर्याप्त भंडार है। कोई खास दिक्कत नहीं है। मंत्रिमंडल में फेरबदल की अटकलें जारी10 जून को मोदी 3.0 सरकार की पहली वर्षगांठ से पहले, मंत्रिमंडल के संभावित विस्तार और फेरबदल को लेकर बढ़ती अटकलों के बीच, इस बैठक का राजनीतिक महत्व भी बढ़ गया है।

## उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू के प्रकोप के बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को हाई अलर्ट

संवाददाता।

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू के प्रकोप के बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को हाई अलर्ट पर रखते हुए अस्पतालों, पेयजल और बिजली आपूर्ति पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन को लू प्रभावित मरीजों के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने और जनता को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अधिकारियों को सख्त निर्देश जारी कर राहत एवं बचाव कार्यों के संबंध में सतर्क रहने को कहा। मुख्यमंत्री के आदेशानुसार, जिला मजिस्ट्रेट, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग और राहत एजेंसियों को उच्च सतर्कता बरतनी होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदेश में कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों को अस्पतालों, पेयजल आपूर्ति और बिजली आपूर्ति व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है और सरकारी अस्पतालों में लू लगने से प्रभावित मरीजों के इलाज के लिए पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देशों में जनता से लू से बचाव के लिए सतर्क रहने का आग्रह किया। उन्होंने आदेश में कहा कि बच्चों और बुजुर्गों की देखभाल पर विशेष ध्यान दें, सूती या खादी के ढीले–ढाले कपड़े पहनें और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किसी भी ऐसी लापरवाही भरी हरकत में शामिल न हों जिससे आग लगने का खतरा हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारियों को कर्मचारियों को थकान, निर्जलीकरण और लू से बचाने पर विशेष ध्यान देना चाहिए।भारत मौसम विज्ञान विभाग के



मुताबिक, अगले 24 घंटों में उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर लू चलने की आशंका है। राज्य भर में भीषण गर्मी के बीच बांदा में तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे यह देश का सबसे गर्म स्थान बन गया। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, रविवार दोपहर को राज्य के कई स्थानों पर तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। झांसी में 44.6 डिग्री सेल्सियस, प्रयागराज में 44.5 डिग्री सेल्सियस, हमीरपुर में 44.2 डिग्री, ओराई में 43.8 डिग्री, सुल्तानपुर में 43.3 डिग्री और वाराणसी (भुवन वर्ष) में 43.4 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। विभाग ने कहा कि राज्य भर में मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जबकि कुछ स्थानों पर लू चलने की प्रबल संभावना है।

## अमित शाह पर टिप्पणी केस में अभिषेक बनर्जी को बड़ी राहत

एजेंसी।

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी को अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में बड़ी राहत देते हुए 31 जुलाई तक किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी है। हालांकि, कोर्ट ने जांच जारी रखने की अनुमति दी और बनर्जी को बिना अनुमति देश छोड़ने से मना करते हुए जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया। तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी को बड़ी राहत देते हुए, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल पुलिस को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ चुनावी रैलियों में कथित बयानों को लेकर तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी के खिलाफ किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई करने से रोक दिया। हालांकि, न्यायालय ने स्पष्ट किया कि बनर्जी को न्यायालय की अनुमति के बिना देश छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी और उन्हें जांच में पूर्ण सहयोग करना होगा। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि एफआईआर में उल्लिखित आरोपों की गहन जांच आवश्यक है और जांच जारी रखने की अनुमति दी।कलकत्ता उच्च न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया कि यदि जांच एजेंसी टीएमसी सांसद को पूछताछ के लिए बुलाना चाहती है, तो उसे कम से कम 48 घंटे पहले नोटिस देना होगा। न्यायमूर्ति सौगता भट्टाचार्य ने टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव बनर्जी को जांच में सहयोग करने और जांच अधिकारी द्वारा भेजे



गए नोटिस का पालन करने का निर्देश दिया। न्यायालय ने उन्हें न्यायालय की अनुमति के बिना विदेश यात्रा न करने का भी निर्देश दिया।डायमंड हार्बर से सांसद ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण से पहले 27 अप्रैल को एक सार्वजनिक सभा में प्रतिद्वंद्वी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ अपनी टिप्पणियों को लेकर दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग करते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।

## गिरिराज सिंह का राहुल गांधी पर तीखा वार, बोले- कांग्रेस अब माओवादी, मुस्लिम हो गई है

एजेंसी।

दिल्ली। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए कांग्रेस को माओवादी, मुस्लिम कांग्रेसश बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब स्वतंत्रता आंदोलन के समय वाली पार्टी नहीं रही और प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अपशब्दों के बावजूद जनता का समर्थन उनके साथ है।केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि कांग्रेस अब वह पार्टी नहीं रही जो स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान थी और अब एक माओवादी, मुस्लिम कांग्रेस बन गई है। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक से पहले बोलते हुए, सिंह ने उन सुझावों को खारिज कर दिया कि यह उच्च स्तरीय बैठक राहुल गांधी की टिप्पणियों के जवाब में बुलाई गई थी। गिरिराज सिंह ने



कहा कि यह बैठक पहले से तय है। ऐसा नहीं है कि राहुल गांधी के बयान पर प्रधानमंत्री बैठक बुलाएंगे, मंत्रिपरिषद की बैठकें तो नियमित रूप से होती रहती हैं। कांग्रेस नेता पर तीखा हमला करते हुए सिंह ने कहा कि देश में राहुल गांधी की पकड़ कमजोर हो गई है। अब कांग्रेस वैसी नहीं रही जैसी आजादी के समय थी। यह माओवादी, मुस्लिम कांग्रेस बन गई है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर प्रधानमंत्री को बार–बार अपशब्द कहने का आरोप लगाया और जोर देकर कहा कि लोग अभी भी पीएम मोदी का समर्थन कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि इन लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी को गाली दी है। चाहे वे कितनी भी गाली दें, देश की जनता प्रधानमंत्री मोदी से प्यार करती है। राहुल गांधी पर व्यक्तिगत रूप से निशाना साधते हुए सिंह ने कहा कि वे भ्रष्टाचार के दलदल में फंसे हुए हैं, जमानत पर हैं, और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के लिए जिस भाषा का इस्तेमाल किया है, वह विपक्ष के नेता के लिए उपयुक्त नहीं है। उन्होंने राष्ट्रीय संकटों के दौरान प्रधानमंत्री के नेतृत्व का बचाव भी किया। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी हर संकट में देश के साथ खड़े रहे हैं और भविष्य में भी ऐसा करते रहेंगे। ये टिप्पणियां राहुल गांधी द्वारा अमेठी में एक जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी पर तीखा हमला करने के बाद आईं। उन्होंने चेतावनी दी थी कि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास की अशांति के कारण भारत पर आर्थिक तूफान आ रहा है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि प्रधानमंत्री देश को संकट के लिए तैयार करने में विफल रहे और उन्होंने पीएम मोदी की इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के साथ हाल ही में हुई मुलाकात पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वे मेलोनी के साथ टॉफियां खा रहे थे और वीडियो बना रहे थे।

## डबल गेम खेल रही कांग्रेस को मायावती ने किया आउट, यूपी की इस राजनीतिक हलचल ने सबको चौंकाया

संवाददाता।

लखनऊ। कांग्रेस नेताओं की मायावती से मुलाकात की असफल कोशिश ने इन अटकलों को और तेज कर दिया। कांग्रेस की ओर से सफाई दी गई कि यह केवल शिष्टाचार भेंट थी और नेताओं ने मायावती के स्वास्थ्य का हाल जानने के लिए जाने का फैसला किया था। आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा



चुनावों को देखते हुए कांग्रेस ने एक बार फिर बसपा प्रमुख मायावती के करीब जाने की रणनीति बनानी शुरू कर दी है। चूंकि कांग्रेस इस समय समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में है, इसलिए उसके शीर्ष नेता खुलकर मायावती से संपर्क नहीं कर सकते थे। ऐसे में कांग्रेस से जुड़े कुछ दलित नेताओं के माध्यम से मायावती तक पहुंचने की कोशिश की गई, लेकिन मायावती ने इस प्रयास को पूरी तरह विफल कर दिया। लखनऊ स्थित अपने आवास पर पहुंचे कांग्रेस नेताओं को उन्होंने मिलने का समय तक नहीं दिया। इस घटनाक्रम ने उत्तर प्रदेश की राजनीति में नए संकेत दे दिए हैं।दरअसल मंगलवार शाम कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम और कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया मायावती से मिलने उनके आवास पहुंच गए। बताया गया कि उनके साथ कुछ अन्य दलित नेता भी थे। हालांकि उन्हें मायावती से मिलने का समय नहीं मिला और पूरा प्रयास असफल हो गया। बाद में कांग्रेस नेतृत्व ने खुद को इस घटनाक्रम से अलग दिखाने की कोशिश की और दोनों नेताओं को नोटिस जारी कर दिया। पार्टी ने इसे अनधिकृत और निजी मुलाकात बताकर राजनीतिक नुकसान को सीमित करने का प्रयास किया।कांग्रेस के लिए यह स्थिति इसलिए भी असहज हो गई क्योंकि उसी समय राहुल गांधी रायबरेली और अमेठी के दौरे पर थे तथा दलित समाज से जुड़े कार्यक्रमों में भाग ले रहे थे। हम आपको याद दिला दें कि राहुल गांधी पहले भी सार्वजनिक रूप से स्वीकार कर चुके हैं कि पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान उन्होंने मायावती को गठबंधन का प्रस्ताव दिया था। राहुल गांधी ने यह भी कहा था कि उन्होंने मायावती को मुख्यमंत्री पद तक की पेशकश की थी, लेकिन बसपा प्रमुख ने प्रस्ताव ठुकरा दिया था। इसके बाद कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी के साथ हाथ मिलाया और लोकसभा चुनावों में इस गठबंधन को अपेक्षाकृत अच्छा परिणाम मिला। अब जैसे–जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, कांग्रेस के भीतर फिर यह सोच मजबूत होती दिखाई दे रही है कि बसपा को साथ लाए बिना भाजपा के खिलाफ व्यापक सामाजिक समीकरण तैयार करना कठिन होगा।लेकिन यह कोशिश ऐसे समय हुई है जब समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव लगातार यह कह रहे हैं कि उनका मौजूदा गठबंधन आगे भी जारी रहेगा। लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में अखिलेश यादव ने स्पष्ट कहा कि भविष्य के चुनावों में भी सहयोगियों के साथ गठबंधन बना रहेगा और उसका आधार सीटों की सौदेबाजी नहीं बल्कि जीत का लक्ष्य होगा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी गठबंधन चलाना जानती है और उसने कभी अपने सहयोगियों को धोखा नहीं दिया। अखिलेश का यह बयान सीधे तौर पर कांग्रेस के लिए भी संदेश माना गया, क्योंकि राजनीतिक गलियारों में लगातार यह चर्चा चल रही थी कि कांग्रेस समानांतर राजनीतिक विकल्प तलाश रही है। उधर, कांग्रेस नेताओं की मायावती से मुलाकात की असफल कोशिश ने इन अटकलों को और तेज कर दिया। कांग्रेस की ओर से सफाई दी गई कि यह केवल शिष्टाचार भेंट थी और नेताओं ने मायावती के स्वास्थ्य का हाल जानने के लिए जाने का फैसला किया था। लेकिन राजनीतिक जानकार इसे सहज घटना मानने को तैयार नहीं हैं। खासकर तब, जब कांग्रेस नेतृत्व ने इतनी तेजी से नोटिस जारी कर दूरी बनाने की कोशिश की। इससे साफ संकेत मिलता है कि पार्टी को डर था कि समाजवादी पार्टी इस घटनाक्रम को संदेह की नजर से देख सकती है।उत्तर प्रदेश की राजनीति में यह भी चर्चा है कि कांग्रेस सत्ता और राजनीतिक अवसरों के लिए सहयोगी बदलने में कभी देर नहीं लगाती। हाल के तमिलनाडु विधानसभा चुनाव इसका उदाहरण माने जा रहे हैं। चुनाव के दौरान कांग्रेस द्रमुक के साथ खड़ी थी, लेकिन परिणाम आते ही सत्ता की संभावनाओं को देखते हुए उसने तेजी से पाला बदलकर टीवीके के साथ गठबंधन कर लिया और उसकी सरकार में भी शामिल हो गयी।

## बिहार चुनाव में जन सुराज पार्टी की हार के बाद प्रशांत कुमार का नया ठिकाना, अब पटना आश्रम से बनाएंगे अगली रणनीति?

एजेंसी।

बिहार चुनाव में जन सुराज पार्टी की करारी हार के बाद, प्रशांत किशोर ने पटना का भव्य बंगला छोड़कर एक आश्रम को अपना नया ठिकाना बना लिया है। अगले विधानसभा चुनाव तक यहीं से राजनीति करते हुए उन्होंने नीतीश कुमार पर निशाना साधा और जनता से जाति–धर्म व पैसों के प्रलोभन से ऊपर उठकर वोट करने की अपील की। जन सूरज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बुधवार को घोषणा की कि वे बिहार में अगले विधानसभा चुनाव होने तक पटना के बाहरी इलाके में स्थित एक आश्रम में रहेंगे। बिहार के दरभंगा में पत्रकारों से बात करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि कल रात मैं पटना में जिस घर में रह रहा था, उसे छोड़कर चला गया। आईआईटी–पटना के पास स्थित बिहार नवनिर्माण आश्रम अगले विधानसभा चुनाव तक मेरा निवास स्थान रहेगा, जब जन सूरज पार्टी, उम्मीद है, अपना प्रभाव दिखाएगी। चुनाव रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों से पहले अपनी पार्टी की शुरुआत की थी, लेकिन एक भी सीट जीतने में असफल रहे। इसके बाद उन्होंने आश्रम में रहने का फैसला



किया। अब तक प्रशांत किशोर पटना हवाई अड्डे के पास स्थित एक विशाल बंगले शेखपुरा हाउस से अपना कामकाज चला रहे थे। यह बंगला पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और भाजपा के पूर्व सांसद उदय सिंह के परिवार की संपत्ति है। सिंह बिहार के एक प्रमुख राजनीतिक परिवार से आते हैं। उनके बड़े भाई एनके सिंह 15वें वित्त आयोग के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व राज्यसभा सांसद हैं, और उनकी दिवंगत मां माधुरी सिंह पूर्णिया से सांसद और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता थीं। प्रशांत किशोर ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उनके बेटे के राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद आलोचना की। किशोर ने कहा कि चुनाव के बाद मुख्यमंत्री चुने गए व्यक्ति आर्थिक संकट के कारण हो रहे पलायन को रोकने में असमर्थ रहे। इसके बजाय, उन्होंने स्वयं पलायन करना चुना, लेकिन इससे पहले उन्होंने यह सुनिश्चित कर लिया कि उनके बेटे को सत्ता मिल जाए। उन्होंने बिहार के मतदाताओं से अपील की कि वे अपने हितों को प्राथमिकता दें और जाति, धर्म या आर्थिक प्रलोभनों के आधार पर मतदान न करें। किशोर ने कहा कि बिहार के लोगों को वोट डालते समय अपने बच्चों के भविष्य के बारे में सोचना चाहिए। उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, नीतीश कुमार या लालू प्रसाद जैसे नेताओं से प्रभावित नहीं होना चाहिए और न ही उन्हें 10,000 रुपये के लिए अपना वोट बेचना चाहिए। इस बयान को विधानसभा चुनावों से पहले शुरू की गई मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना पर एक अप्रत्यक्ष कटाक्ष के रूप में देखा जा रहा है, जिसके तहत 1.5 करोड़ से अधिक महिलाओं को 10,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई थी।

# भाजपा और प्रधानमंत्री पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का तीखा हमला

लखनऊ,। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए गंभीर आरोप लगाए। लखनऊ में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर देशवासियों को गुमराह करने, आर्थिक संकट बढ़ाने तथा राष्ट्रीय हितों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। इस अवसर पर पूर्व विधायक गयादीन अनुरागी, मनीष हिंदवी, अंशू अवस्थी, प्रियंका गुप्ता और अनुसूइया शर्मा भी उपस्थित रहीं।अजय राय ने दावा किया कि उनके पास ऐसे प्रमाण हैं जिनसे यह साबित किया जा सकता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा देशवासियों के साथ गद्दारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी द्वारा भाजपा को लेकर कही गई बातें पूरी तरह सही हैं और वह उनका समर्थन करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गद्दारी का पुराना इतिहास रहा है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान उन्हें खरीदने का प्रयास किया गया था। जब ऐसा संभव नहीं हुआ तो अरविंद केजरीवाल को वाराणसी से चुनाव मैदान में उतारा गया। उन्होंने कहा कि यह भाजपा की कार्यशैली और चरित्र को दर्शाता है।अजय राय ने कहा कि देश आर्थिक संकट से गुजर रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री जनता को खर्च कम करने की सलाह दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर लोगों को सोना न खरीदने, ईंधन की खपत कम करने और विदेश यात्रा से बचने की सलाह दी जाती है, वहीं दूसरी ओर प्रधानमंत्री लगातार विदेश यात्राएं करते रहे हैं, जिससे देश के धन का अपव्यय हुआ है।उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार देश की सार्वजनिक संपत्तियों और नवरत्न कंपनियों को निजी हाथों में सौंप रही है। अजय राय ने कहा कि सरकार ने देश नहीं बिकने देने का वादा किया था, लेकिन अब महत्वपूर्ण संस्थानों को उद्योगपतियों को सौंपा जा रहा है।युवाओं और शिक्षा के मुद्दे पर बोलते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में अनेक प्रश्नपत्र लीक हुए हैं, जिससे लाखों युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ। उन्होंने हाल में हुई चिकित्सा प्रवेश परीक्षा से जुड़े विवाद का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों और उनके परिवारों में निराशा फैली है। उन्होंने अपनी पुत्री के परीक्षा अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।अजय राय ने विश्वविद्यालयों में वैचारिक हस्तक्षेप का आरोप लगाते हुए कहा कि शिक्षा संस्थानों की गरिमा प्रभावित हो रही है। उन्होंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों की मूल भावना को कमजोर किया जा रहा है।

# हिस्ट्रीशीटर की हिस्ट्रीशीटर ने की गोली मारकर हत्या

## फोन करके बुलाया, बातचीत की, दौड़ाकर बरसाई गोलियां

प्रयागराज। मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र के मालवीय नगर में गुरुवार सुबह 5 बजे हिस्ट्रीशीटर सक्षम पंडा (28) की हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, हमलावर हिस्ट्रीशीटर ने अपने साथियों के साथ उसे फोन कर घर से 100 मीटर दूर बुलाया और उससे बातचीत की। इसके बाद हिस्ट्रीशीटर घर लौटकर सीढ़ियों पर खड़ा था, तभी स्कूटी से दोनों हमलावर वहां पहुंच गए। पीछे बैठे हमलावर ने तमंचा निकाला और हिस्ट्रीशीटर को एक गोली मार दी। गोली लगते ही वह गली में भागा, लेकिन आरोपियों ने उसका पीछा किया। 50 मीटर दूर जाकर उसे दूसरी गोली मारी। हिस्ट्रीशीटर गिर पड़ा, फिर उस पर ताबड़तोड़ तीन और गोलियां चलाई गईं। गोलियों की आवाज सुनकर घरवाले दौड़कर पहुंचे। उन्हें देखकर हमलावर फरार हो गए। घरवाले हिस्ट्रीशीटर को अस्पताल ले गए, जहां उसने दम तोड़ दिया।प्राप्त जानकारी के अनुसार सक्षम पांडा मुट्ठीगंज थाना क्षेत्र के मालवीय नगर का रहने वाला था। वह घाटों पर पूजा–पाठ कराने का काम करता था। सक्षम की मां ने बताया कि बुधवार रात बेटे ने परिवार के साथ खाना खाया था, इसके बाद सोने चला गया। गुरुवार सुबह किसी का फोन आया, इसके बाद वह घर से चला गया। कुछ देर बाद पता चला कि बेटे की हत्या कर दी गई है। हम लोग मौके पर पहुंचे तो वह खून से लथपथ जमीन पर पड़ा था। पुलिस के अनुसार आरोपी ने हिस्ट्रीशीटर को फोन कर घर से 100 मीटर दूर बुलाया और उससे काफी देर तक बातचीत की। इसके बाद दोनों हमलावर अपने घर की तरफ चले गए। हिस्ट्रीशीटर भी अपने घर पहुंच गया। वह अपने घर की सीढ़ियों पर खड़ा था, तभी पीछे से वापस दोनों हमलावर आ गए और उसे गोली मार दी।

मामले में पुलिस ने एक आरोपी भोले पंजाबी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया है। भोले भी हिस्ट्रीशीटर है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पूछताछ में बताया कि बुधवार को सक्षम ने संगम क्षेत्र में उसकी पूजा–पाठ की गुमटी में आग लगा दी थी। इसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। इसलिए गुरुवार सुबह उसने सक्षम को बातचीत के लिए बुलाया। बातचीत के दौरान कहासुनी हो गई और इसी दौरान उसने गोली मार दी।

परिजनों का आरोप है कि 12 मार्च को मालवीय नगर मोहल्ले में सक्षम पांडा पर फायरिंग की गई थी। इस हमले में सक्षम और उसका दोस्त रवि पांडा घायल हो गए थे। मामले में विमल पांडा और भोले पंजाबी समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

# राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि, विचार गोष्ठी आयोजित

लखनऊ, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न राजीव गांधी की 35वीं पुण्यतिथि पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय 'नेहरू भवन' सहित पूरे प्रदेश में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भाग लेकर राजीव गांधी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।कार्यक्रम में राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने राजीव गांधी को सूचना क्रांति का जनक बताते हुए कहा कि आज भारत जिस प्रकार सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है, उसकी नींव राजीव गांधी ने रखी थी। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने संविधान के 73वें और 74वें संशोधन के माध्यम से पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत किया तथा महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देकर राजनीति में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान केंद्र सरकार महिला आरक्षण को लेकर केवल राजनीति कर रही है।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि राजीव गांधी दूरदर्शी नेता थे, जिन्होंने युवाओं के भविष्य को देश की प्रगति से जोड़ा। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने मतदान की आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष की, संगणक क्रांति को बढ़ावा दिया, उपभोक्ता संरक्षण व्यवस्था को मजबूत किया तथा पंचायती राज कानून लागू कर देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए।अजय राय ने कहा कि कांग्रेस नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों ने देश की आजादी, एकता और अखंडता के लिए बलिदान दिया, जबकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अंग्रेजों से सहयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने वर्तमान सरकार पर भी राष्ट्रीय हितों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया।राजीव गांधी के शिक्षा संबंधी योगदान का उल्लेख करते हुए अजय राय ने कहा कि उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से देशभर में सैकड़ों नवोदय विद्यालय स्थापित कराए, जहां निःशुल्क शिक्षा और सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।किसानों के मुद्दे पर बोलते हुए अजय राय ने कहा कि राजीव गांधी किसानों को देश की आत्मनिर्भरता की रीढ़ मानते थे। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी का मानना था कि यदि किसान मजबूत होंगे तो देश मजबूत होगा। अजय राय ने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान में संवेदनशील नहीं रही है।वरिष्ठ प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा कि राजीव गांधी ने सूचना क्रांति के माध्यम से गांवों को देश और दुनिया से जोड़ने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक दूरभाष केंद्रों और

दूरभाष संपर्क व्यवस्था के विस्तार का परिणाम है कि आज संचार व्यवस्था आम लोगों तक पहुंच सकी है।

# मारपीट को लेकर डाक्टर और वकील आमने-सामने

## ओपीडी बंदकर डाक्टर हड़ताल पर गए, वकीलों के प्रदर्शन से हाईवे पर जाम लग रहा

प्रयागराज। प्रयागराज में डॉक्टरों और वकीलों के बीच मारपीट का मामला तूल पकड़ रहा है। दोनों ही पक्ष अपनी–अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए हैं। वकील एकलव्य चौराहे पर टेंट लगाकर धरने पर बैठे हैं। वहीं एसआरएन अस्पताल के डॉक्टरों ने ओपीडी बंद कर हड़ताल पर चले गए हैं। इस हंगामे के बाद बुधवार दोपहर बाद अस्पताल के डॉक्टरों ने ठप स्वास्थ्य सेवाएं बहाल कर दी थीं, लेकिन रात में वकीलों की तरफ से अज्ञात डॉक्टरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के बाद चिकित्सक फिर से भड़क उठे।डॉक्टरों की हड़ताल के कारण गंभीर मरीजों को परेशानी हो रही है। वकीलों के धरना के कारण हाईवे पर जाम लग रहा है। एंबुलेंस भी जाम में फंसी दिखी। वहीं जूनियर डॉक्टरों के समर्थन में सभी सीनियर्स डॉक्टर भी आ गए हैं।ज्ञात हो कि बुधवार सुबह एक घायल महिला अधिवक्ता अस्पताल पहुंची थी।



इलाज के दौरान डॉक्टरों और वकीलों में कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ा तो दोनों पक्षों में मारपीट हुई। अस्पताल में तोड़फोड़ की गई। मारपीट के विरोध में डॉक्टर हड़ताल पर चले गए। वहीं वकील आरोपी डॉक्टरों पर कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं।वकीलों के धरना प्रदर्शन के कारण पुलिस ने कानपुर हाईवे से हाईकोर्ट आने वाले पुल को बंद कर दिया है। भारी वाहनों की एंट्री बैन है। छोटे वाहनों को चौफटका, लूकरगंज और पानीटंकी के रास्ते सिविल लाइंस भेजा जा रहा है।इस भारी दबाव के कारण नवाब यूसुफ रोड समेत पूरे सिविल लाइंस इलाके में गाड़ियां रेंग रही हैं। वहीं, जूनियर डॉक्टर भी अपनी मांगों को लेकर दूसरे दिन हड़ताल पर डटे रहे। हड़ताल का असर अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं पर भी दिखाई दिया। मरीजों और तीमारदारों को इलाज के लिए परेशान होना पड़ा। हर दिन अस्पताल में 3 हजार मरीजों का ओपीडी में रजिस्ट्रेशन होता है, लेकिन ओपीडी बंद होने से मरीज लौट रहे हैं। अस्पताल और मेडिकल कॉलेज परिसर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पूरे परिसर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया है। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करते हुए हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।

# जीबीसी 5.0 के तहत हर जनपद में निवेश सुनिश्चित हो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

लखनऊ, 21 मई 2026। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों के साथ बैठक कर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 5.0 की तैयारियों और निवेश प्रस्तावों की समीक्षा की। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि सात लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतरने के लिए तैयार हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 5.0 के अंतर्गत प्रदेश के प्रत्येक जनपद में निवेश सुनिश्चित किया जाए, जिससे प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने और विनिर्माण क्षमता को सशक्त बनाने में मदद मिले।बैठक के दौरान इन्वेस्ट यूपी के अधिकारियों ने लीड्स 2025 श्रेणी में उत्तर प्रदेश को प्राप्त उत्कृष्टता सम्मान मुख्यमंत्री को समर्पित किया। अधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश परिवहन, भंडारण और आधारभूत संरचना विकास के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हुआ है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि के लिए अधिकारियों को बधाई दी।मुख्यमंत्री के समक्ष ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के आयोजन की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। प्रदर्शनी को आठ क्षेत्रों में विभाजित किया गया है, जिनमें उत्तर प्रदेश के बदलते स्वरूप, आधारभूत संरचना, रक्षा एवं अंतरिक्ष क्षेत्र, विद्युत वाहन और हरित ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण, वस्त्र उद्योग, पर्यटन तथा खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में हुए बदलावों को प्रदर्शित किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे में भूमि की मांग तेजी से बढ़ रही है, ऐसे में भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। साथ ही जिन परियोजनाओं को वर्षों पहले भूमि आवंटित की गई लेकिन अब तक निवेश नहीं हुआ, उनकी अद्यतन समीक्षा भी की जाए। उन्होंने विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास बढ़ाने और आमजन से जुड़े विषयों को प्राथमिकता में रखने पर बल दिया।योगी आदित्यनाथ ने कहा कि निवेश समझौते करते समय संस्थानों की पूरी जांच–पड़ताल अनिवार्य रूप से की जाए। निवेशकों के साथ बेहतर व्यवहार और उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रदेश के लिए लाभकारी होगा, क्योंकि संतुष्ट निवेशक प्रदेश के प्रतिनिधि की भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री ने भूमि बैंक बढ़ाने और निवेशकों को प्रोत्साहन योजनाओं के माध्यम से सम्मानित करने के निर्देश भी दिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब पारंपरिक औद्योगिक राज्य की छवि से आगे बढ़ते हुए रक्षा निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स, हरित ऊर्जा, आंकड़ा केंद्र, परिवहन और उच्च तकनीक विनिर्माण का उभरता राष्ट्रीय केंद्र बन रहा है।बैठक में उत्तर प्रदेश रक्षा एवं विदेशी निवेश सम्मेलन 2026 का प्रस्तुतिकरण भी किया गया। प्रस्तावित सम्मेलन लखनऊ में आयोजित किया जाएगा, जिसमें रक्षा मंत्रालय, वैश्विक कंपनियों, रक्षा विशेषज्ञों, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों तथा नवाचार आधारित उद्योगों को एक मंच पर लाने की योजना है। सम्मेलन का उद्देश्य उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारे में रक्षा और अंतरिक्ष उद्योगों को आकर्षित करना तथा उद्योग, सरकार और रक्षा संस्थानों के बीच समन्वित व्यवस्था विकसित करना है।अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को विभिन्न निवेश प्रकोष्ठों की प्रगति से भी अवगत कराया। इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में 8,050 करोड़ रुपये से अधिक, मोटर वाहन क्षेत्र में 722 करोड़ रुपये, वस्त्र क्षेत्र में 1,321 करोड़ रुपये तथा इस्पात और सीमेंट क्षेत्र में 12,232 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त होने की जानकारी दी गई।बैठक में विभिन्न देशों से संभावित निवेश प्रस्तावों की भी समीक्षा हुई।

# गुस्साये लोगों ने एक्सईएन और जेई को बंधक बनाया

## बिजली कटौती से नाराज ग्रामीण भड़के, आफिस से निकालकर पार्क में बैठाया

प्रयागराज। भीषण गर्मी और लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशान ग्रामीणों का गुस्सा बृहस्पतिवार को सड़क पर उतर आया। सराय इनायत क्षेत्र के हनुमानगंज स्थित 130 केवीए उपकेंद्र पर बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने बिजली विभाग के एक्सईएन और जेई को घेर लिया। आरोप है कि नाराज लोगों ने दोनों अधिकारियों को कार्यालय से बाहर निकालकर परिसर स्थित पार्क में बैठा दिया और चारों ओर से घेरकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले कई दिनों से इलाके में लगातार बिजली कटौती हो रही है। भीषण गर्मी के बीच घंटों बिजली गायब रहने से लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। पेयजल संकट भी गहराने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, जिसके बाद मजबूर होकर उन्हें उपकेंद्र पहुंचकर प्रदर्शन करना पड़ा। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने एक्सईएन और जेई राजनाथ यादव को कार्यालय से बाहर निकालकर उपकेंद्र परिसर में ही बैठा लिया। प्रदर्शनकारी वहीं धरने पर बैठ गए और अधिकारियों को चारों तरफ से घेर लिया। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक इलाके की बिजली सप्लाई पूरी तरह सुचारू नहीं हो जाती, तब तक किसी अधिकारी को जाने नहीं दिया जाएगा। उपकेंद्र पर हुए प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं और बुजुर्ग भी पहुंचे। लोगों का कहना था कि रातभर बिजली गुल रहने से बच्चों और बुजुर्गों की हालत खराब हो रही है। उमस और गर्मी के चलते लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही



है।हंगामे और विरोध के बीच बिजली विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की। अधिकारियों ने बताया कि फॉल्ट और ओवरलोडिंग की वजह से सप्लाई प्रभावित हो रही है, जिसे ठीक कराने का काम चल रहा है। जल्द ही बिजली व्यवस्था सामान्य करने का आश्वासन दिया गया।

# शिवा जी मार्ग व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न, नई कार्यकारिणी ने संभाला दायित्व

लखनऊ, शिवा जी मार्ग व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को हुसैनगंज स्थित एक होटल में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अमरनाथ मिश्र, चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि पवन मनोचा तथा कार्यवाहक अध्यक्ष सतीश अग्रवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।इस अवसर पर लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने शिवा जी मार्ग व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाते हुए दायित्व सौंपे। गोपाल दीक्षित को अध्यक्ष, अंकित शर्मा को वरिष्ठ महामंत्री तथा अभिनव गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर वैभव मिश्रा, कपिल सिंघल, संजय गोयल, विक्रम अरोड़ा और देवेंद्र सिंह को जिम्मेदारी दी गई। उपाध्यक्ष पद पर पवन गुप्ता, संजय गुप्ता, विभोर अग्रवाल, आर. मसूद और संदीप गुप्ता को दायित्व मिला।महामंत्री पद पर रितेश अग्रवाल, नीरज त्रिवेदी, गुरदीप सिंह, सुमित गोयल और फहद आलम को जिम्मेदारी सौंपी गई। संयुक्त मंत्री पद पर प्रवीण भगत, सुनील अग्रवाल, शशांक चौरसिया, अंकित अग्रवाल और करण नायर को नामित किया गया, जबकि उमंग खेतान को सह–कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके साथ ही अजय भट्ट, अनुराग अग्रवाल, पुनीत लालचंदानी, अनंत गर्ग, अंकुर गुप्ता, मुकेश अग्रवाल, अमित सिंह, मनीष महाजन, अतुल कुमार गर्ग, अनुभव अग्रवाल, पंकज नंदवानी, रोहित अरोड़ा, शाहबाज खान, मोहित सोनी, वैभव अग्रवाल और वरुण तलवार सहित अन्य सदस्यों को कार्यकारिणी में शामिल किया गया। शंभूनाथ को मनोनीत सदस्य बनाया गया।कार्यक्रम में संरक्षक के. के. अग्रवाल, मोहनलाल अरोड़ा, सुरेंद्रनाथ अग्रवाल, अशोक अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।अमरनाथ मिश्र ने कहा कि व्यापारियों की एकता संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है और व्यापार मंडल हमेशा व्यापारी हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहेगा। उन्होंने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया।चेयरमैन राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि व्यापार मंडल व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा और मजबूत संगठन के माध्यम से व्यापारियों की आवाज शासन और प्रशासन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाई जा सकती है।विशिष्ट अतिथि पवन मनोचा ने कहा कि शिवा जी मार्ग व्यापार मंडल की नई टीम युवाओं और अनुभवी व्यापारियों का समन्वय है, जो क्षेत्र के व्यापारियों के हित में उल्लेखनीय कार्य करेगी। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से व्यापारी हितों के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

# गंगा तट से यमुना तक गूंजेगा श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्तिका जयघोष

## छह जून को मथुरा पहुंचेगी मोटरसाइकिल यात्रा, सात राज्यों के लोग होंगे शामिल

प्रयागरा। गंगा तट स्थित अत्रि ऋषि की तपोभूमि श्री सिद्धबाबा धाम वनखंडेश्वरी महादेव मंदिर आश्रम रामघाट से श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति और सनातन जागृति के संदेश के साथ मोटरसाइकिल यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा पांच जून को रामघाट से शुरू होकर छह जून को मथुरा पहुंचेगी। यात्रा के दौरान श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति का जयघोष और सनातन धर्म की रक्षा का संकल्प लिया जाएगा।

आज आयोजित पत्रकार वार्ता में श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष एवं हिन्दू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने बताया कि यात्रा स्वामी श्री कांताचार्य रामानुज दास महाराज के सानिध्य में निकाली जा रही है। इसमें बिहार, बंगाल, ओडिशा, झारखंड, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली और महाराष्ट्र समेत विभिन्न राज्यों के श्रद्धालु शामिल होंगे। यात्रा में करीब 500 मोटरसाइकिल, 20 कार और अन्य वाहन शामिल रहेंगे।

उन्होंने बताया कि यात्रा की सफलता के लिए बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। दो दिवसीय यात्रा के दौरान 25 स्थानों पर नुक्कड़ सभाएं आयोजित होंगी। अलीगढ़ में रात्रि विश्राम के दौरान एक विशाल सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा।

महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यात्रा वृंदावन और मथुरा शहर में भ्रमण करेगी। उन्होंने दावा किया कि श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर को तोड़कर मूल गर्भगृह स्थल पर औरंगजेब द्वारा मस्जिद का निर्माण कराया गया था। उसी स्थान पर मंदिर निर्माण की मांग को लेकर आंदोलन चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यात्रा मथुरा शहर में भी भ्रमण करेगी। इसके बाद सलेमपुर रोड स्थित केडीएस इंटरनेशनल स्कूल में एक सभा का आयोजन भी किया जाएगा। संत कांताचार्य महाराज ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य सनातन धर्म, संस्कृति और सभ्यता को मजबूत करना तथा देशभर के हिंदुओं को एक मंच पर जोड़ना है। इस मौके पर विनोद शर्मा, नरवेश सिंह, लोमेश चौधरी, प्रमोद राजपूत, सुशील उपाध्याय, वेदांश भारद्वाज मौजूद रहे।

विजडम इण्डिया
R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, शुक्रवार 22 मई 2026
sheelshukla100@gmail.com


# मिशन शक्तिअभियान के तहत बालिकाओं व महिलाओं को किया गया जागरूक



सुल्तानपुर।उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने व महिलाओं की सुरक्षा तथा सड़क सुरक्षा नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर श्रीमती चारू निगम के निर्देशन में जनपद के समस्त थाना द्वारा अभियान चलाया गया। महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। ग्राम चौपाल लगाकर समस्याओं के त्वरित एवं विधिपूर्ण निस्तारण हेतु ग्रामीणों से संवाद कर जागरुक किया गया।पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर श्रीमती चारू निगम के निर्देशन में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने व महिलाओं की सुरक्षा के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जनपद के सभी थानों द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल लगाकर समस्याओं के त्वरित एवं विधिपूर्ण निस्तारण हेतु ग्रामीणों से संवाद कर जागरूक किया गया। इस अभियान के अंतर्गत सभी थानों की एंटीरोमियो टीमों द्वारा बाजारों, सार्वजनिक स्थलों पर जाकर बालिकाओं, महिलाओं एवं आमजन को मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण अभियान के तहत जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम व उनके अधिकारों की रक्षा एवं आत्मरक्षा के उपायों के संबंधा में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई । कार्यक्रमों के दौरान प्रतिभागियों को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा बलइमतबतपउम.हवअ.पद पोर्टल की जानकारी देकर इन सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया । कार्यक्रम के दौरान समस्त थानों पर नियुक्त एंटी रोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 द्वितीय चरण अभियान के तहत समस्त थानो द्वारा महिलाओं ध्बालिकाओं व स्कूली छात्राओं को पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया।इस कार्यक्रम में महिला बीट अधिकारियों एवं मिशन शक्ति टीमों ने ग्रामीण क्षेत्रों में चौपाल शैली में संवाद सत्र आयोजित कर महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, आत्मरक्षा के उपायों और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गयी और साथ ही महिलाओं से कहा गया कि वे निडर होकर अपनी बात रखें और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाएं ।

# श्री चित्रगुप्त अखाड़ा की बैठक में निर्णय ह भाजपा नेता नितिन नवीन का जन्मदिन "राष्ट्रीय युवा स्वाभिमान दिवस" के रूप में मनाया जाएगा

मीरजापुर। श्री चित्रगुप्त अखाड़ा एवं पीठ की वासलीगंज में संपन्न बैठक में राष्ट्रीय फलक के राजनेता, कायस्थ कुल गौरव नितिन नवीन के जन्मदिन को भी राष्ट्रीय युवा स्वाभिमान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए श्री चित्रगुप्त अखाड़ा के जिला प्रमुख पूर्व सभासद आनंद श्रीवास्तव ने कहा कि आगामी 23 मई, शनिवार को मा. नितिन नवीन जी के जन्मदिन को शहर में भव्य रूप से मनाया जाएगा, इस क्रम में सायंकाल 5 बजे स्थानीय संकटमोचन मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, मिष्ठान्न वितरण तत्पश्चात श्री चित्रगुप्त मंदिर पर हवन – पूजन और बरियाघाट पर केक काटकर कार्यक्रम को भव्य स्वरूप प्रदान किया जाएगा, जिसमें काफी संख्या में लोगों की भागीदारी रहेगी। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक एड. सुशील श्रीवास्तव ने बताया कि श्री पंच दशनाम जून अखाड़ा से जगतगुरू की पदवी प्राप्त, श्री चित्रगुप्त अखाड़ा व अखिल भारत संत महासभा के अध्यक्ष सनातन सम्राट जगतगुरु स्वामी चक्रपाणि नंद गिरी जी महाराज तथा श्री चित्रगुप्त पीठ के पीठाधीश्वर जगतगुरू श्री चित्रगुप्ताचार्य डॉ. स्वामी सच्चिदानंद जी महाराज के क्षत्र छाया में राष्ट्रीय सचेतक यच कुमार स्वपनिल के निर्देश पर यह कार्यक्रम पूरे देश के विभिन्न शहरों में मनाया जा रहा है।



बैठक में मुख्य रूप से अखाड़ा के जिला प्रमुख आनंद श्रीवास्तव व कार्यक्रम संयोजक एड. सुशील श्रीवास्तव के अतिरिक्त शिवम श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, नरेन्द्र श्रीवास्तव, एड. सुधांशु श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, धीरेन्द्र कुमार,मधुर श्रीवास्तव, जगदीश श्रीवास्तव इत्यादि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# राम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय मिर्जापुर पहुंचे, मनोज श्रीवास्तव से की शिष्टाचार भेंट

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का मिर्जापुर आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने मनोज श्रीवास्तव राष्ट्रवादी मंच राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व प्रांत संगठन मंत्री विश्व हिंदू परिषद के आवास पहुंचकर उनसे शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान धार्मिक, सामाजिक एवं राष्ट्रहित से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने चंपत राय का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। कार्यक्रम में राम मंदिर निर्माण एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण को लेकर भी विचार–विमर्श किया गया। बताया गया कि चंपत राय के मिर्जापुर आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। उनके स्वागत के लिए राम चंद्र शुक्ल,आनंद अग्रवाल , अमित पाण्डेय, मनोज दमकल, दीपक श्रीवास्तव, राजकुमार जायसवाल , प्रमोद श्रीवास्तव, रवि पुरवार, अनिल कुमार गुप्ता , अखिलेश अग्रहरी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# नैनो उर्वरकों के प्रभावी उपयोग विशयक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

सुलतानपुर। .षि क्षेत्र में आधुनिक नैनो एवं पर्यावरण अनुकूल तकनीकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज .षि विज्ञान केंद्र में इफको द्वारा नकद विक्रय केंद्र प्रभारियों के लिए नैनो उर्वरकों के प्रभावी उपयोग एवं प्रचार–प्रसार विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए 35 से अधिक नकद विक्रय केंद्र प्रभारियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि .षि विज्ञान केंद्र सुल्तानपुर प्रथम के प्रभारी डॉ. जे. बी. सिंह रहे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नैनो उर्वरक .षि क्षेत्र में एक क्रांतिकारी पहल है, जो न केवल फसल उत्पादन में वृद्धि करता है, बल्कि मृदा एवं पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने उपस्थित विक्रय केंद्र प्रभारियों से किसानों के बीच नैनो उर्वरकों को अधिक से अधिक लोकप्रिय बनाने तथा इसके वैज्ञानिक लाभों की जानकारी पहुंचाने का आह्वान किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान मृदा वैज्ञानिक डॉ. अतुल सिंह ने रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक एवं असंतुलित प्रयोग से मृदा की उर्वरा शक्ति, पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में टिकाऊ .षि प्रणाली के लिए नैनो तकनीक आधारित उर्वरकों का उपयोग अत्यंत आवश्यक हो गया है। .षि विस्तार वैज्ञानिक डॉ. चंद्रकांत त्रिपाठी ने अपने वक्तव्य में किसानों को रासायनिक उर्वरकों पर निर्भरता कम करने तथा नैनो तकनीक आधारित उर्वरकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नैनो उर्वरक कम मात्रा में अधिक प्रभावी परिणाम देते हैं, जिससे उत्पादन लागत में कमी आने के साथ–साथ पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा भी सुनिश्चित होती है। इस अवसर पर इफको के क्षेत्र अधिकारी सानू शुक्ला ने विक्रय केंद्र प्रभारियों को नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी सहित इफको के विभिन्न उत्पादों की उपयोगिता, प्रयोग विधि एवं लाभों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## संचार क्रांति और 18 वर्ष के लोगों को मत देने का अधिकार दिया था राजीव गांधी ने भगवत प्रसाद चौधरी एवं छोटे खान

मिर्जापुर 21 मई को आवास विकास कॉलोनी राजीव गांधी पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के मूर्ति पर माल्यार्पण एवं जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय मिशन कंपाउंड पर गोष्टी करते हुए अनुसूचित जाति के राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के शिल्पकार,औद्योगिक क्रांति के नायक और आधुनिक भारत की नई सोच, तकनीक और युवा नेतृत्व देने वाले दूरदर्शी नेता को शत्–शत् नमन करते है



कांग्रेस नेता शशि भूषण दुबे पथिक एवं उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं प्रवक्ता मिन्हाज अहमद छोटे खान मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने 18 वर्ष के नौजवानों को वोट देने का अधिकार दिया और संचार क्रांति के जननायक थे एवं गांव के विकास के लिए पंचायती राज का गठन किया था आज हम सब लोग उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लेते हैं श्री खान ने कहा कि उनके योगदान को देश के विकास, युवा शक्ति को सशक्त बनाने और आधुनिक भारत की नींव रखने में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा

कार्यक्रम में उपस्थित पीसीसी के सदस्य रमेश चंद प्रजापति पप्पू जिला कांग्रेस कमेटी की महासचिव राधा बिंद इश्तियाक अंसारी रामनाथ दुबे संतोष यादव अंकुर श्रीवास्तव आजाद राजेंद्र विश्वकर्मा संदीप तिवारी रितेश मिश्रा विजय दुबे पहाड़ी अनुसूचित जाति के शहर अध्यक्ष डॉ दिनेश चौधरी डॉक्टर त्रिलोक चंद दीपू यादव महेश श्रीवास्तव विजय कुमार रहे।

# अमहट मंडी में सफाई व्यवस्था की लापरवाही से लगी आग, आढ़ती का हजारों का नुकसान

सुलतानपुर। अमहट मंडी में सफाई व्यवस्था की अनदेखी एक व्यापारी के लिए भारी पड़ गई। मंडी परिसर में पड़े कूड़े के ढेर में लगी आग पास की दुकान तक पहुंच गई, जिससे एक आढ़ती का हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद व्यापारियों में रोष व्याप्त है और उन्होंने मंडी प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई है।

जानकारी के अनुसार, मंडी में पहले सफाई कर्मचारी नियमित रूप से कूड़ा इकट्ठा कर उसे जलाने का काम करते थे, लेकिन पिछले कुछ समय से यह व्यवस्था पूरी तरह ठप पड़ी थी। इसी लापरवाही के चलते कूड़े के ढेर में आग लग गई, जो फैलते हुए 'सुनील एंड संस' नामक दुकान तक पहुंच गई। स्थानीय लोगों की तत्परता से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। आग लगने से दुकान में रखा इलेक्ट्रॉनिक कांटा, कई बोरे आलू और टमाटर जल गए। व्यापारी के अनुसार, इस घटना में उन्हें 25 हजार रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।

व्यापारियों का आरोप है कि मंडी परिसर में लंबे समय से कूड़े के ढेर जमा हो रहे थे, जिसकी शिकायत कई बार सफाई कर्मचारियों और मंडी समिति के पंकज बाबू से की गई थी। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। प्रभावित व्यापारी ने कहा कि यदि समय रहते सफाई कराई जाती तो यह घटना नहीं होती। घटना के बाद मंडी के व्यापारियों और किसानों ने मंडी समिति तथा जिला प्रशासन से सफाई व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की है। साथ ही सफाई ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग भी उठाई है।

# जिलाधिकारी ने बैंकर्स, उद्योग, खाद्यी ग्रामोद्योग व नारकोटिक्स की समीक्षा बैठक कर की समीक्षा

मीरजापुर 21 मई 2026– जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट सभागार में बैंकर्स, उद्योग, खाद्यी ग्रामोद्योग व नारकोटिक्स की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में बैंकवार प्रेषित आवेदन पत्रों पर विस्तृत चर्चा की गयी। उपायुक्त उद्योग द्वारा बैठक में अवगत कराया गया कि सी०एम० युवा योजना के अंतर्गत 933 आवेदन पत्र विभिन्न बैंको को प्रेषित किया गया है जिसमें से 122 आवेदन पत्र स्वीकृत, 96 आवेदन पत्र वितरित एवं 288 आवेदन पत्र विभिन्न बैंको द्वारा निरस्त कर दिया गया। अब तक 620 आवेदन पत्र विभिन्न बैको पर स्वीकृति हेतु एवं 273 आवेदन पत्र वितरण के लिए लम्बित है। स्वीकृत हेतु सबसे अधिक 185 आवेदन पत्र एवं वितरण हेतु 62 आवेदन पत्र इण्डियन बैंक पर लम्वित पाया गया जबकि इण्डियन बैंक जनपद का अग्रणी बैंक है। लक्ष्य के आवंटन के संबंध में चर्चा के दौरान जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रामीण बैंक के क्षेत्रो को 03–03 एवं शहरी क्षेत्र के बैंको को 05–05 आवेदन पत्र प्रत्येक माह स्वीकृतधवितरित का लक्ष्य निर्धारित किया गया। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा आपत्ति जताते हुए समस्त बैंक समन्वयकों को निर्देशित किया गया की जिस शाखा में जितने आवेदन पत्र ऑनलाईन अग्रसारित किये जाते है उसी को लक्ष्य मानते हुए आवेदन पत्र प्राप्त होने के 15 दिन के अंदर स्वीकृतधवितरित कराना सुनिश्चित करें। जनपद मीरजापुर आर्थिक रूप से पिछड़ा जनपद है इस योजना से जनपद के लोगो के जीवन में बदलाव हो सकता है। अतः बैंकर्स नकारात्मक सोच से बाहर निकलते हुए सकारात्मक रवैया अपनाते हुए आवेदन पत्र स्वीकृतधवितरित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी द्वारा बैंकर्स को अवगत कराया गया कि इस योजना में ब्याज एवं सी०जी०टी०एम०एस०ई० के अंतर्गत गारण्टी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वहन की जाती है। आपका लोन एन०पी०ए० नहीं हो सकता। ऐसी स्थिति में इस योजना में लोन न करना सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति घोर लापरवाही का द्योतक है। जिलाधिकारी द्वारा बैंकर्स को अवगत कराया गया कि स्वयं सहायता समूह द्वारा इस योजना में गुणवत्तापूर्ण आवेदन प्रस्तुत किये जायेगें। अतएव आवेदन पत्र प्राप्त होने के 15 दिन के अंदर स्वीकृतधवितरण की कार्यवाही की जाए। उन्होंने सभी बैंकर्स से यह अपील भी कि सभी लोग गर्मी के दृष्टिगत अपने बैंक के बाहर प्याऊ की व्यवस्था करे ताकि बैंक में आने



व जाने व आमजनमानस पीने हेतु शुद्ध पेयजल मिल सकें। नारकोटिक्स की समीक्षा में जिलाधिकारी ने कहा कि नशा मुक्ति हेतु सम्बन्धित विभाग से समन्वय बनाते हुए वृहद जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में जितने भी नशामुक्ति केन्द्र है उनकी जांच कराए यदि भारत सरकार के दिशा निर्देशो के अनुसार संचालन नहीं पाया जाता है उनके विरूद्ध कठोरतम कार्यवाही करें। वन विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि पर्यटन स्थलो पर विशेष निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि संदिग्ध स्थलो पर पुलिस व सम्बन्धित विभाग के अधिकारी टीम बनाकर छापामारी करे अवैधा रूप निर्माण कर रहे मादक पदार्थो को नष्ट कराएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी राम विलास यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी व बैंक के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# 101 रैपिड एक्शन फोर्स शान्तिपुरम, प्रयागराज में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (IDY-2026) के 100 Days Countdown" कार्यक्रम के अंतर्गत योगाभ्यास आयोजित

विजडम इंडिया

प्रयागराज (विनोद द्विवेदी जिला संवाददाता) अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (IDY–2026) के 100 Days Countdown" कार्यक्रम के अंतर्गत 101 रैपिड एक्शन फोर्स में योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वाहिनी के अधिकारियों एवं जवानों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न





योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया।

इस अवसर पर श्री हरिओम सागर, द्वितीय कमान अधिकारी कमाण्डेंट–AOD) 101 RAF ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है, बल्कि मानसिक संतुलन एवं आत्मिक ऊर्जा को भी बढ़ावा देता है। उन्होंने योग के माध्यम से स्वस्थ शरीर, शांत मन एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

योगाभ्यास सत्र में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जवानों ने नियमित योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

उक्त अवसर पर श्री पुनर्वसु तिवारी (द्वितीय कमान अधिकारी), श्री नितिन कुमार (उप कमाण्डेंट), श्री यज्ञ कुमार सिंह (उप कमाण्डेंट), श्री नीरज कुमार (उप कमाण्डेंट) एवं श्री आत्माराम यादव (उप कमाण्डेंट) सहित अन्य अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

# दस दिवसीय कौशल शिविर 2026 का उद्घाटन

### राजेंद्र नगर स्थित स्वामी विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर साहिबाबाद में

दस दिवसीय कौशल शिविर 2026 का उद्घाटन 21 मई को बड़े उत्साह के साथ हुआ। इस दस दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम में कुल 21 कौशल पाठ्यक्रम शामिल किए गए है इसमें 508 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने के लिए उत्साहपूर्वक नामांकन कराया । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमान जगदीश रघुवंशी जी ने अतिथि परिचय कराया एवं कौशल शिवर में विद्यार्थियों को उनके मनपसंद कौशल को तनाव रहित होकर खेल खेल में सीखने का आग्रह किया । प्रबंध समिति के संस्थापक सदस्य आदरणीय जैनपाल जैन जी ने विद्यार्थियों को श्रम का सम्मान करते हुए निरंतर अभ्यास करने की बात कही एवं उन्हें कौशल आधारित शिक्षा के माध्यम से आत्मविश्वास,अनुशासन और रचनात्मकता विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

विद्यार्थियों ने ईमानदारी, समर्पण और उत्साह के साथ प्रत्येक कौशल को सीखने और प्रदर्शित करने की शपथ ली।

गुलशन जी और अनीता जी ने विभिन्न कौशल पाठ्यक्रमों एवं उनके महत्व और शिक्षण उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ हुआ।

# जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज की अध्यक्षता में मंडल प्रभारियों की परिचयात्मक बैठक संपन्न

मिर्जापुर। 21 मई 2026 को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बरौधा कचार मीरजापुर के सभागार में भाजपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज जी की अध्यक्षता में घोषित मंडल प्रभारियों की परिचयात्मक बैठक आयोजित हुई । मंडल प्रभारियों का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया और मण्डल अध्यक्षों से परिचय कराया गया । जिलाध्यक्ष जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि मण्डल प्रभारियों का कार्य जिला एवं मण्डल के बीच समन्वय स्थापित करने का है । आगे जिलाध्यक्ष जी ने कहा कि आगामी कार्यक्रमों में सबसे बड़ा कार्यक्रम "बारह साल विश्वास के" है । आने वाले रविवार को मा0 प्रधानमंत्री जी के



मन की बात का कार्यक्रम सभी बूथों पर शतप्रतिशत सम्पन्न हो, उसके लिए भी विस्तार से चर्चा किया गया । मण्डल एवं शक्ति केन्द्र के मासिक बैठक की भी रचना तैयार किया गया । कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री स्वामीनाथ सिंह ने किया ।

उक्त बैठक में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष हेमन्त त्रिपाठी, रविन्द्र नारायण सिंह, गौरव ऊमर, चिन्तामणि मौर्या, उदयभान तिवारी, बैजनाथ प्रजापति, सुनीता शर्मा, जिला महामंत्री रवि शंकर पाण्डेय, डॉ0 सी0एल0 बिन्द, जिलामंत्री डॉ0 विजय सिंह, वीरेन्द्र कुमार कोल, विरेन्द्र प्रताप यादव, रोहित त्रिपाठी, संध्या पटेल, अनिल सिंह कुंवर, आलोक सिंह, जिला मीडिया प्रभारी पं0 भावेश शर्मा, जिला कार्यालय मंत्री मनोज दूबे, जिला आई0टी0 संयोजक अमित कुमार सिंह, जिला सह मीडिया प्रभारी रतन कुमार सिंह, विजय शक्ति दूबे, शुभम जायसवाल, मंडल अध्यक्षगण एवं मण्डल प्रभारीगण उपस्थित रहे ।

# घुसपैठियों और अतिक्रमणकारियों के पास अचानक इतने पत्थर कहां से आ जाते हैं?

हम आपको बता दें कि पश्चिम रेलवे ने बांद्रा रेलवे स्टेशन के निकट गरीब नगर में फैले अवैध कब्जों को हटाने के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। यह मुंबई में रेलवे की अब तक की सबसे बड़ी अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई मानी जा रही है।मुंबई के लिए मुसीबत बने बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को पुलिस और प्रशासन ने करारा सबक सिखाकर देश की आर्थिक राजधानी को बड़ी राहत दिलाई है। बांद्रा रेलवे स्टेशन के पास गरीब नगर इलाके में पश्चिम रेलवे द्वारा चलाया जा रहा अब तक का सबसे बड़ा अतिक्रमण विरोधी अभियान न केवल रेलवे भूमि को मुक्त कराने की दिशा में अहम कदम साबित हुआ, बल्कि इस कार्रवाई ने यह भी उजागर कर दिया कि किस तरह अवैध कब्जाधारी कानून व्यवस्था को चुनौती देने से भी पीछे नहीं हटते। कार्रवाई के दौरान पुलिस और रेलवे अधिकारियों पर जमकर पत्थरबाजी की गई, जिससे एक बार फिर यह सवाल खड़ा हो गया कि देश के किसी भी हिस्से में अतिक्रमण हटाने या अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान चलते ही इन घुसपैठियों और अतिक्रमणकारियों के पास अचानक इतने पत्थर कहां से आ जाते हैं?उल्लेखनीय है कि पश्चिम रेलवे ने बांद्रा रेलवे स्टेशन के निकट गरीब नगर में फैले अवैध कब्जों को हटाने



के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। यह मुंबई में रेलवे की अब तक की सबसे बड़ी अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई मानी जा रही है। रेलवे के अनुसार लगभग पांच हजार दो सौ वर्ग मीटर भूमि को खाली कराया जा रहा है, जिसकी कीमत करीब छह सौ करोड़ रुपये आंकी गई है। यह इलाका हार्बर लाइन की पटरियों और बिजली व्यवस्था के बेहद करीब पहुंच चुका था, जिससे रेल संचालन और यात्रियों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा था।रेलवे अधिकारियों के मुताबिक यहां कई बहुमंजिला झुग्गियां फुटओवर पुलों की ऊंचाई से भी ऊपर तक बना दी गई थीं। इससे भविष्य की रेलवे परियोजनाओं और ट्रेनों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न हो रही थी। रेलवे लंबे समय से इस भूमि को खाली कराना चाहता था, क्योंकि बांद्रा स्टेशन और बांद्रा कुर्ला परिसर के पास स्थित यह इलाका रणनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है।इस मामले में कानूनी प्रक्रिया वर्ष 2017 से पहले शुरू हो चुकी थी। सार्वजनिक परिसर अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए 27 नवंबर 2017 को बेदखली आदेश जारी किए गए थे। इसके बाद मामला बंबई उच्च न्यायालय और फिर उच्चतम न्यायालय तक पहुंचा। इस वर्ष 29 अप्रैल को उच्च न्यायालय ने अवैध अतिक्रमण हटाने की अनुमति दी थी। बाद में उच्चतम न्यायालय ने भी इस आदेश पर रोक नहीं लगाई। इसके बाद प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी।पश्चिम रेलवे ने करीब पांच सौ झुग्गियों को हटाने के लिए चिन्हित किया, जबकि संयुक्त सर्वेक्षण में पात्र पाए गए लगभग एक सौ ढांचों को फिलहाल नहीं छुआ गया। रेलवे का कहना है कि भविष्य में इस जमीन का उपयोग उपनगरीय और लंबी दूरी की रेल सेवाओं के विस्तार के लिए किया जाएगा। कार्रवाई को सफल बनाने के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई। करीब चार सौ पुलिसकर्मी, चार सौ रेलवे सुरक्षा बल और सरकारी रेलवे पुलिस के जवान तथा लगभग दो सौ रेलवे अधिकारी और कर्मचारी तैनात किए गए। बांद्रा स्टेशन और बांद्रा टर्मिनस के आसपास कई रास्तों को बंद कर दिया गया, जिससे भारी यातायात जाम लग गया और यात्रियों को सामान लेकर पैदल चलना पड़ा। शुरुआत में कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से चल रही थी, लेकिन दूसरे दिन दोपहर बाद माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया। अधिकारियों ने जब एक अवैध मस्जिद और वहां लगाए गए निजी दूरसंचार टावर को हटाने की कोशिश की तो भीड़ उग्र हो गई। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस और प्रशासनिक टीमों पर पत्थर, बर्तन और अन्य सामान फेंकना शुरू कर दिया। इसके बाद पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा।इस हिंसा में सात पुलिसकर्मी और छह प्रदर्शनकारी घायल हुए। पुलिस ने दस लोगों को हिरासत में लिया और निर्मल नगर पुलिस थाने में गैरकानूनी जमावड़ा, दंगा और सरकारी कर्मचारियों पर हमला करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया। घायलों का उपचार भाभा अस्पताल और वीएन देसाई अस्पताल में कराया गया। एक पुलिसकर्मी और एक प्रदर्शनकारी को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा, हालांकि दोनों की हालत स्थिर बताई गई है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अभिनव देशमुख ने चेतावनी दी है कि हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।दूसरी ओर कुछ निवासियों ने दावा किया कि वह कई दशकों से यहां रह रहे थे और उनके पास हाउस टैक्स, वाटर टैक्स तथा बिजली कनेक्शन से जुड़े दस्तावेज भी हैं। कई परिवारों ने आरोप लगाया कि उन्हें घर खाली करने के लिए पर्याप्त समय नहीं दिया गया और पुनर्वास की समुचित व्यवस्था भी नहीं की गई। कुछ लोगों ने यह भी कहा कि ईद से ठीक पहले की गई कार्रवाई ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हालांकि इन दावों और मानवीय पक्ष के बीच सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर अवैध कब्जों के खिलाफ हर कार्रवाई के दौरान पत्थरबाजी की घटनाएं क्यों सामने आती हैं? चाहे देश का कोई भी राज्य हो, अतिक्रमण हटाने पहुंची पुलिस और प्रशासन पर हमला करना अब एक तयशुदा रणनीति जैसा दिखाई देता है। इससे साफ है कि कुछ तत्व कानून व्यवस्था को बिगाड़कर सरकारी कार्रवाई को रोकना चाहते हैं। मुंबई जैसे संवेदनशील और आर्थिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहर में इस तरह की हिंसा न केवल चिंताजनक है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा और शहरी व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर चुनौती भी है।

# सम्पादकीय

## नीतिगत बहसें हाशिये पर चली गई

पहले चुनाव बिल्कुल दोषमुक्त होते थे ऐसा नहीं कहा जा सकता। लेकिन तब उन्हें ऐसे युद्ध की तरह भी नहीं लड़ा जाता था, जिसमें विरोधी को समूल नष्ट कर देने की भावना हो।

कभी चुनाव को लोकतंत्र का उत्सव समझा जाता था। तब चुनाव बिल्कुल दोषमुक्त थे या वे पूरी तरह स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से आयोजित होते थे, ऐसा नहीं कहा जा सकता। लेकिन तब उन्हें ऐसे युद्ध की तरह भी नहीं लड़ा जाता था, जिसमें विरोधी को समूल नष्ट कर देने की भावना हो। अब ऐसा ही नजारा खास कर वैसे राज्य में देखने को मिलता है, जहां कोई गैर–भाजपा दल अब तक मजबूती से खड़ा रहा हो। पश्चिम बंगाल में इस बार विधानसभा चुनाव कुछ ऐसे ही माहौल में संपन्न हुआ।

एसआईआर प्रक्रिया सहित अन्य मामलों में निर्वाचन आयोग की विवादित भूमिका से लेकर अर्धसैनिक बलों द्वारा घेराबंदी और केंद्रीय जांच एजेंसियों की एकतरफा जैसी दिखने वाली कार्रवाइयों के निशाने पर ममता बनर्जी रहीं। भाजपा नेतृत्व ने अब अपनी पहुंच से बाहर रहे इस किले को जीत लेने की व्यूह–रचना में किसी राजनीतिक मान–मर्यादा का ख्याल नहीं रखा। ये कहने का अर्थ कतई यह नहीं है कि ममता बनर्जी नैतिक या मर्यादित राजनीति करती हैं। उनकी सियासत में भी बाहुबल और तोड़–जोड़ का उतना ही पुट रहा है। उनकी सफलता में ऐसे रुझानों का योगदान है।बहरहाल, यही ध्यान देने की बात है। अब चुनावों में ऐसी प्रवृत्तियां ही निर्णायक महत्त्व की हो गई हैं। इसका शिकार विकास और राष्ट्र–निर्माण से संबंधित मुद्दे बने हैं। नीतिगत बहसें हाशिये पर चली गई हैं। जन–कल्याण के नाम पर अधिक से अधिक यही नजर आता है कि तमाम पार्टियां बैंक खातों में नकदी डालने के वादे बढ़–चढ़ कर करती हैं। उन्हें उससे भी ज्यादा भरोसा जाति–धर्म जैसे बांटने वाले मुद्दों पर लोगों को गोलबंद करने की रणनीति पर रहता है। ऐसे संकेत हैं कि इस बार केरल के विधानसभा चुनाव में भी ऐसे पहचान–गत मुद्दे प्रमुख हो गए। यानी जिस राज्य की राजनीतिक चर्चा के केंद्र में शिक्षा और स्वास्थ्य, और विकास संबंधी योजनाएं रहती थीं, वहां भी अगड़े– पिछड़े, हिंदू–मुस्लिम– ईसाई जैसी अस्मिताओं पर ध्रुवीकरण के संकेत मिले। ऐसे में उत्सव जैसे माहौल का गायब हो जाना लाजिमी ही है। उलटे अब हर चुनाव एक तरह का जख्म छोड़ कर जाने लगा है!

## आईटी नियम दूसरा संशोधन, 2026 भारत के डिजिटल शासन की ओर एक बड़ा कदम

भारत का डिजिटल इकोसिस्टम तेजी से विकसित हुआ है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म अब लोगों के संवाद करने और जानकारी तक पहुँचते के तरीकों में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। इसने जवाबदेही और ऑनलाइन नुकसान को लेकर नई चुनौतियाँ भी पेश की हैं और मौजूदा नियामक व्यवस्था को तदनुसार विकसित होने की आवश्यकता है। इस संदर्भ में, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम, 2021 में किए जाने वाले प्रस्तावित बदलाव, जो 30 मार्च, 2026 को प्रकाशित किए गए हैं, भारत की डिजिटल नियामक व्यवस्था में प्रक्रिया से जुड़ी कमियों को दूर करने के लिए एक बड़े कदम को प्रतिबिंबित करते हैं। इन मसौदा संशोधनों का उद्देश्य भाग ढ्ढढ्ढ के तहत मंत्रालय द्वारा जारी स्पष्टीकरण, परामर्श और दिशा–निर्देशों के अनुरूप मध्यस्थों के अनुपालन को मजबूत करना और भाग ढ्ढढ्ढढ्ढ के तहत डिजिटल मीडिया से संबंधित कंटेंट नियमन व्यवस्था की नियामक निगरानी के प्रभाव को बढ़ाना है।

सबसे पहले, नियम 3(1)(जी) और 3(1)(एच) के तहत डेटा रखरखाव की जिम्मेदारियों के संबंध में स्पष्टीकरण है। प्रस्तावित संशोधन स्पष्ट करता है कि रखरखाव आवश्यकताओं से जुड़े नियमय अन्य लागू कानूनों के तहत निर्धारित जिम्मेदारियों के अतिरिक्त हैं। इससे वह अस्पष्टता दूर होती है जिसने कभी–कभी मध्यस्थों को अलग–अलग या न्यूनतम अनुपालन दृष्टिकोण अपनाने की अनुमति दी है। आईटी अधिनियम डिजिटल प्लेटफॉर्म को अकेले काम करने की अनुमति नहीं देता। उन्हें आपराधिक प्रक्रिया कानून, वित्तीय नियम और केवल उनके उद्योग पर लागू होने वाले नियमों का भी पालन करना होता है। इस अर्थ में, यह स्पष्टीकरण अर्थपूर्ण और आवश्यक है। सबसे महत्वपूर्ण यह कि संशोधन रखरखाव से संबंधित है, पहुँच से नहीं। ऐसे डेटा का खुलासा कानूनी प्रक्रियाओं और सांविधिक सुरक्षा के अधीन रहता है। हालांकि इस प्रकार की एक सामान्य संरक्षण धारा को इस रूप में पढ़ा जा सकता है कि यह उकसाने वाला, अतिव्यापी या यहाँ तक कि मध्यस्थों द्वारा उपयोगकर्ता डेटा के अनिश्चितकालीन रखरखाव के बारे में है, क्योंकि विभिन्न कानूनी दस्तावेज आवश्यकता, उद्देश्य की सीमा या आनुपातिकता का संदर्भ दिए बिना ही ऐसी शर्तें लागू करते हैं।

# शुभेन्दु के सत्ता में आते ही बिलों में जा छिपे टीएमसी के गुंडे!

पश्चिम बंगाल में नौ मई को भाजपा सरकार बनने के बाद प्रशासन ने टीएमसी के उगाही केंद्रों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश जारी किया। राज्य सरकार ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अवैध वसूली नाके तुरंत हटाए जाएं और यह सुनिश्चित किया जाए कि वे दोबारा सक्रिय नहीं हो सकें।शुभेन्दु अधिकारी के पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री का पद संभालते ही राज्य में तृणमूल कांग्रेस के गुंडाराज पर लगाम लगती दिखाई देने लगी है। इसका सबसे बड़ा फायदा झारखंड समेत सीमावर्ती राज्यों और पश्चिम बंगाल के बीच सफर करने वाले ट्रक चालकों को होता दिख रहा है। वर्षों से जिन मार्गों पर 'भाइपो टैक्स' और 'डंडा टैक्स' के नाम पर टीएमसी समर्थित गुंडों द्वारा अवैध वसूली की जाती थी, वहां अब माहौल तेजी से बदल रहा है। ट्रक चालकों का कहना है कि जो लोग पहले बांस की बैरिकेडिंग लगाकर जबरन उगाही करते थे, वह अब कार्रवाई के डर से अपने बिलों में छिप गए हैं। सीमा पार करते समय नकद वसूली, धमकी, घंटों रोककर उत्पीड़न और वाहन को क्षति पहुँचाने जैसी घटनाओं में अचानक कमी आई है, जिससे लंबे समय बाद ट्रांसपोर्ट कारोबार से जुड़े लोगों ने राहत की सांस ली है।हम आपको बता दें कि पश्चिम बंगाल और झारखंड की सीमा से गुजरने वाले वाणिज्यिक वाहनों के चालकों के लिए पिछले कई दशकों से सफर केवल लंबी दूरी तय करने का मामला नहीं था, बल्कि रास्ते भर अवैध वसूली, धमकियों और देरी का सामना करने की मजबूरी भी थी। सीमा पार करते ही कई ट्रक चालकों को गिरोहों द्वारा लगाए गए अवैध नाकों, बांस की बैरिकेडिंग और डंडों से लैस लोगों का सामना करना पड़ता था। इन स्थानों पर नकद वसूली आम बात थी और विरोध करने पर चालकों को घंटों रोके रखना, गालियां देना, गाड़ी के शीशे तोड़ देना या टायर पंचर कर देना जैसी घटनाएं भी सामने आती थीं। अब हालात में अचानक बदलाव दिखाई दे रहा है।पश्चिम बंगाल में नौ मई को भाजपा सरकार बनने के बाद प्रशासन ने टीएमसी के उगाही केंद्रों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश जारी किया। राज्य सरकार ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी अवैध वसूली नाके तुरंत हटाए जाएं और यह सुनिश्चित किया जाए कि वे दोबारा सक्रिय नहीं हो सकें। इसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग दो और उससे जुड़ी राज्य सड़कों पर पहले की तुलना में यातायात काफी सुचारु हो गया है।झारखंड, पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर राज्यों और बांग्लादेश के बीच माल ढुलाई करने वाले ट्रक चालकों का कहना है कि पिछले दो सप्ताह में उत्पीड़न और अवैध वसूली की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है। गौरतलब है कि प्रतिदिन लगभग पचास हजार ट्रक पश्चिम बंगाल से होकर गुजरते हैं। पूर्वी भारत, पूर्वोत्तर क्षेत्र और बांग्लादेश के पांच प्रमुख पारगमन मार्गों को जोड़ने वाला यह राज्य देश की परिवहन व्यवस्था में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में सड़क परिवहन में आने वाली बाधाओं का असर व्यापार, आपूर्ति और समयबद्ध वितरण पर सीधा पड़ता था। पश्चिम बंगाल ट्रक ऑपरेटर्स एसोसिएशन महासंघ के महासचिव सजल घोष ने बताया कि यहां दो तरह की अनौपचारिक वसूली आम थी, जिन्हें स्थानीय लोग 'भाइपो टैक्स' और 'डंडा टैक्स' के नाम से जानते थे। उन्होंने कहा कि 'भाइपो टैक्स' यानि भतीजा लगभग समाप्त हो गया है, लेकिन अब जरूरत इस बात की है कि 'डंडा टैक्स' भी पूरी तरह खत्म किया जाए। उल्लेखनीय है कि 'भाइपो टैक्स' शब्द का इस्तेमाल तृणमूल कांग्रेस सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी की ओर संकेत करते हुए किया जाता रहा है।

# बहुपक्षवाद का संकट और डब्लूटीओ में सुधार की अनिवार्यता

राजेश अग्रवाल

बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली औचित्य के गहरे संकट का सामना कर रही है। बीसवीं सदी के उत्तरार्ध और इक्कीसवीं सदी की शुरुआत में, विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) वैश्विक व्यापार का केंद्रीय स्तंभ था, जो नियम–आधारित व्यवस्था की पेशकश करने के साथ तटस्थता, पूर्वानुमेयता और निष्पक्षता का वादा करता था। हालांकि आज, ये वादे काफी कमजोर प्रतीत होते हैं। डब्लूटीओ में विश्वास की कमी, किसी एक विफलता का परिणाम नहीं है, बल्कि यह संरचनात्मक असंतुलन, असमान प्रवर्तन और वैश्विक आर्थिक शक्ति के बदलते स्वरुप के संचयी प्रभाव को प्रतिबिंबित करती है।

इस संकट के मूल में है – वैश्विक उत्पादन का अत्यधिक केंद्रीकरण और आक्रामक व्यापार प्रथाओं की निरंतरता। समय के साथ, आपूर्ति श्रृंखलाएँ परस्पर अत्यधिक निर्भर हो गई हैं और उनका वितरण भी असमान है, जहाँ कुछ प्रमुख अर्थव्यवस्थाएँ महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर अनुपात से कई गुनी ज्यादा नियंत्रण रखती हैं। हालांकि, इस केंद्रीकरण ने कुछ मामलों में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक कुशल बना दिया है, लेकिन इसने उन्हें काफी हद तक कमजोर भी बना दिया। व्यवधानकृचाहे भू–राजनीतिक हो, आर्थिक हो, या पर्यावरण–संबंधी होंकृअब प्रणालीगत नतीजे लेकर आते हैं। परिणामस्वरूप, आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरी अब केवल एक आर्थिक चिंता के रूप में नहीं देखी जातीय इसे अब राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक अस्तित्व के मामले के तौर पर देखा जाने लगा है।

धारणा में हुए बदलाव ने नीतिगत प्रतिक्रियाओं की एक ऐसी लहर को जन्म दिया है, जो बहुपक्षवाद के मौलिक सिद्धांतों को चुनौती देती हैं। देश घरेलू हितों की रक्षा के लिए संरक्षण उपायों, आक्रामक औद्योगिक नीतियों और निर्यात नियंत्रण को अपना रहे हैं। हालांकि ऐसी रणनीतियाँ अल्पकालिक सहनशीलता ला सकती हैं, लेकिन वे डब्लूटीओ की सहयोग भावना और कानूनी रूपरेखा को अक्सर कमजोर कर देती हैं। तकनीकी अवरोध, महत्वपूर्ण आपूर्ति श्रृंखलाओं पर नियंत्रण और भू–राजनीतिक प्रभाव के उपकरण के रूप में बाजार पहुंच का बढ़ता उपयोग एक व्यापक परिवर्तन का संकेत देता हैरू व्यापार अब केवल आर्थिक लेन–देन ही नहीं, बल्कि रणनीतिक शक्ति के बारे में है। डब्लूटीओ सदस्यों के बीच एक व्यापक रूप से मान्य दृष्टिकोण यह है कि संगठन प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को उनके प्रतिबद्धताओं के प्रति जवाबदेह ठहराने में अक्षम रहा है और इसने वर्तमान स्थिति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जब नियम असमान रूप से लागू किए जाते हैं या प्रवर्तन तंत्र विफल हो जाते हैं, तो प्रणाली में विश्वास कमजोर हो जाता है। कई देशों में, विशेष रूप से वैश्विक दक्षिण के देशों में, यह धारणा मजबूत हुई है कि डब्लूटीओ अब एक निष्पक्ष मध्यस्थ के रूप में कार्य नहीं करता। इसके बजाय, इसे एक ऐसे संस्थान के रूप में देखा जाता है, जो तेजी से बदलती वैश्विक अर्थव्यवस्था की वास्तविकताओं के प्रति अनुकूल होने के लिए संघर्ष कर रहा है। इस संदर्भ में, सुधार प्रयासों का केंद्रीय उद्देश्य डब्लूटीओ की विश्वसनीयता को बहाल करना हो गया है। यद्यपि डब्लूटीओ सुधार की आवश्यकता पर सदस्यों के बीच व्यापक सहमति है, फिर भी इसे हासिल करने के तरीके पर सहमति न के बराबर है। सुधार की संरचना और विषय वस्तु पर बहसें लगातार विवादास्पद होती जा रही हैं। याओंडे के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में, सदस्यों ने डब्लूटीओ के मूलभूत सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुनरू पुष्टि की, जिनमें निष्पक्षता, पारदर्शिता, समावेश और सहमति–आधारित निर्णय शामिल हैं। इन सिद्धांतों ने लंबे समय से डब्लूटीओ को अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं से अलग बनाये रखा है, यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी सदस्य, चाहे उनका आकार या उनकी आर्थिक शक्ति कुछ भी हो, वैश्विक व्यापार नियमों को अंतिम रूप देने में अपनी बात रख सकें। हालांकि, इन सिद्धांतों के व्यावहारिक अनुप्रयोग को, विशेष रूप से बहुपक्षीय समझौतों से जुड़ी चर्चाओं में, समस्याओं का सामना करना पड़ा है। ये समझौते डब्लूटीओ सदस्यों के उपसमूहों के बीच बातचीत के बाद तैयार किए गए हैं। इन्हें कई देशकृविशेष रूप से वैश्विक उत्तर के देश कृसहमति–आधारित नियम निर्माण की चुनौतियों का व्यावहारिक समाधान मानते हैं। ऐसी सदस्यता के लिए, जहां विकास स्तर और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं में व्यापक असमानताएँ मौजूद हैं, जटिल मुद्दों पर सर्वसम्मति प्राप्त करना कठिन होता जा रहा है। बहुपक्षीय समझौते आगे बढ़ने का एक तरीका प्रदान करते हैं, जिससे इच्छुक प्रतिभागी नए नियम स्थापित कर सकते हैं, इसमें उन देशों को रुकावट नहीं माना जाता, जो प्रतिबद्ध होने के लिए अभी तैयार नहीं हैं, ऐसी ही प्रणाली डब्लूटीओ से पहले गैट, 1947 (टैरिफ और व्यापार पर सामान्य समझौता) के तहत अस्तित्व में थी।

इस मुद्दे पर भारत का रुख एक सावधानीपूर्वक तैयार संतुलनकारी कार्य को दर्शाता है। नियम–निर्माण को आगे बढ़ाने में बहुपक्षीय समझौतों की क्षमता को स्वीकार करते हुए भारत ने लगातार मजबूत सुरक्षा उपायों की मांग की है, ताकि ऐसे समझौतों द्वारा बहुपक्षीय प्रणाली को कमजोर न होना सुनिश्चित हो सके। बहुपक्षीय समझौतों को प्रमुख डब्लूटीओ सिद्धांतों को दरकिनार नहीं करना चाहिए, मौजूदा कार्यादेश को कमजोर नहीं करना चाहिए या गैर–प्रतिभागी सदस्यों के लिए नुकसानदेह नहीं होना चाहिए। उन्हें बहुपक्षीय रूपरेखा की जगह लेने के बजाय एक पूरक भूमिका निभानी चाहिए। भारत एक तदर्थ, समझौता–दर–समझौता मॉडल के बजाय बहुपक्षीय समझौतों को डब्लूटीओ संरचना में समेकित करने के लिए एक व्यापक और व्यवस्थित दृष्टिकोण का समर्थन करता है। सुधार बहस का एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दा, संगठन के पिछले कार्यादेशों को पूरा करने में विफलता से संबंधित है। यह कई विकासशील देशों के लिए असंतोष का एक प्रमुख कारण रहा है। ये अधूरी प्रतिबद्धताएंकृजिनमें कृषि, विकास और विशेष व्यवहार प्रावधानों जैसे क्षेत्र शामिल हैं कृ केवल नियम बनाने की कमियों को ही नहीं दर्शातीं, बल्कि वैश्विक व्यापार प्रणाली में लंबे समय से मौजूद असमानताओं को दूर करने के अवसरों की चूक को भी उजागर करती हैं। विशेष रूप से कृषि, इन असंतुलनों की गंभीरता को दर्शाती है। विकसित देशों ने अपने कृषि क्षेत्रों को सब्सिडी देने में महत्वपूर्ण लचीलापन बनाए रखा है, जिससे उनके किसान वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धी बने रहते हैं। वहीं, विकासशील देशों को अपने किसानों को दिए जाने वाले समर्थन के प्रकारों और स्तरों में प्रतिबंधों का सामना करना पड़ता है। यह विषमता संरचनात्मक असुविधाओं को बनाए रखती है, वैश्विक दक्षिण में लाखों लोगों की आजीविका को कमजोर करती है और वैश्विक व्यापार प्रवाह को विकृत करती है।

## आज का राशिफल

मेष राशि–
मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। अचानक धन लाभ होने के योग हैं। किसी अनुकूल संपर्क के कारण आप अतिरिक्त आय अर्जित करने में सक्षम होंगे।

वृष राशि–
वृष राशि वालों आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आपको बिजनेस के क्षेत्र में कुछ लोगों से मदद मिलेगी। दाम्पत्य जीवन में आपसी समझ और प्यार रिश्ते को और भी बेहतर बनायेंगे।

मिथुन राशि–
मिथुन राशि वालों आज आपको तरक्की के कुछ नये साधन मिल सकते हैं। आपको बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

कर्क राशि–
कर्क राशि वालों आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। कुछ अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात दिन को और बेहतर बना सकती है। जीवन में तरक्की के नये रास्ते भी खुलेंगे।

सिंह राशि–
सिंह राशि वालों आज आपका दिन सामान्य रहेगा। नौकरी कर रहे लोगों को नया प्रोजेक्ट मिल सकता है।

कन्या राशि–
कन्या राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। बचपन के किसी दोस्त का आज फोन आ सकता है।

तुला राशि–
तुला राशि वालों आज आपका दिन ठीक ठाक रहेगा। आप सामाजिक कार्यों में हिस्सा ले सकते हैं।

वृश्चिक
राशि वृश्चिक राशि वालों आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपको किसी विशेष काम में दूसरे लोगों की मदद मिल सकती है। आप किसी दोस्त के घर जा सकते हैं।

धनु राशि–
धनु राशि वालों आज आपका दिन पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा। थोड़ी सी मेहनत से ही आपको बड़ा मुनाफा मिल सकता है।

मकर राशि–
मकर राशि वालों आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपके अच्छे व्यवहार से आसपास के लोग खुश रहेंगे।

कुंभ राशि–
कुंभ राशि वालों आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे।

मीन राशि
मीन राशि वालों आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। परिवार वालों

# योग हमारी सनातन संस्कृति और सभ्यता का मूल धरोहर है नगर विधायक

## 'पांचवीं जिलास्तरीय योगासन चौंपियनशिप में बच्चों ने किया अद्भुत प्रदर्शन

मीरजापुर। डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन मीरजापुर की ओर में नगर के पांडेयपुर स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल में पांचवीं जिलास्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ नगर विधायक रत्नाकर मिश्रा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय योगासन खिलाड़ी राज लक्ष्मी साहिल ने शिव तांडव पर अद्भुत प्रस्तुति दी। योगासन खेल संघ के अध्यक्ष डॉ अमन सिंह यादव ने प्रबंधक अनंत राज भंडारी ने मिलकर नगर विधायक को अंगवस्त्रम व मूमेंटो प्रदान कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर नगर विधायक ने कहा कि योग कहा कि हमारी सनातन संस्कृति और सभ्यता का मूल धरोहर है, जिसे आज योगासन खेल के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने के लिए बच्चों के लिए एक नया अवसर है। कार्यक्रम समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री पिछड़ा वर्ग आयोग उत्तर प्रदेश सरकार सोहन लाल श्रीमाली ने बच्चों को पुरस्कृत करते हुए उन्हें मेडल मुमेंटो के साथ प्रशस्तिपत्र प्रदान कर उन्हें आने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा की जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता में जनपद के बच्चों का अद्भुत प्रदर्शन देख कर मन प्रफुल्लित हुआ , और लगा कि सच में जनपद में भी योग में राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाली प्रतिभाएं मौजूद है, जो आने वाले समय में जनपद मीरजापुर का गौरव बढ़ाएंगे।जिला स्तरीय प्रतियोगिता में 8 से 14 वर्ष में प्रतिभाग करने वाले विजेताओं बच्चों में आर्टिस्टिक सिंगल गर्ल सब जूनियर प्रतियोगिता में आकृति मौर्य प्रथम, आयुषी दुबे द्वितीय एवं दृष्टि पाण्डेय तृतीय स्थान प्राप्त की। सब जूनियर ट्रेडिशनल गर्ल प्रतियोगिता में प्रीति बिंद प्रथम अर्चिता सिंह द्वितीय, प्रियांशी पाण्डेय तृतीय स्थान पर रही। सब जूनियर ट्रेडिशनल ब्वॉय प्रतियोगिता में यश चौहान प्रथम, शिवाय गुप्ता द्वितीय तन्मय भारती तृतीय स्थान पर रही। जूनियर 14 से 18 वर्ष ब्वॉय प्रतियोगिता में कृतवेश पाण्डेय प्रथम, हर्ष पाण्डेय द्वितीय, कृष्णम पाण्डेय तृतीय स्थान पर रहे। गर्ल प्रतियोगिता में पूनम बिंद प्रथम स्थान पर रही। आर्टिस्टिक सिंगल सब जूनियर ब्वॉय संकल्प कुशवाहा प्रथम देवांश तिवारी द्वितीय स्थान पर रहे। सब जूनियर ब्वॉय रिदमिक पेयर में मानस राय एवं शिवाय गुप्ता प्रथम स्थान, अद्विक एवं शिव श्याम द्वितीय स्थान , सब जूनियर रिदमिक पेयर गर्ल त्रिशिखा पाण्डेय एवं श्रीजा सिंह प्रथम स्थान, जियांशी शेखर एवं अर्चिता सिंह द्वितीय स्थान पर रहे। सीनियर बॉयस ट्रेडिशनल इवेंट अश्वनी मौर्य प्रथम, सीनियर गर्ल ट्रेडिशनल इवेंट में राज लक्ष्मी प्रथम, आरती द्वितीय एवं विजय लक्ष्मी तृतीय स्थान पर रही। कार्यक्रम में राज्य मंत्री ने आए हुए डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन के साथ पदाधिकारियों को अंगवस्त्रम व प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर खेल संघ के सचिव योग गुरु योगी ज्वाला सिंह ने टीम के साथ आए हुए अतिथियों का स्वागत सत्कार करते हुए सभी योगासन जजों खिलाडियों एवं सहयोगी स्कूल परिवार का आभार धन्यवाद व्यक्त किया।

# जंगल में अदाणी पावर प्लांट के कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों मौत से मचा हड़कंप

मीरजापुर। मड़िहान थाना क्षेत्र के मड़िहान वन रेंज अन्तर्गत ददरी जंगल स्थित निर्माणाधीन अदाणी पावर प्लांट परिसर में मंगलवार की रात उस समय सनसनी फैल गई, जब प्लांट में कार्यरत एक 35 वर्षीय कर्मचारी का शव फांसी के फंदे से लटकता मिला। घटना की जानकारी मिलते ही साथी कर्मचारियों में चीख–पुकार मच गई। देखते ही देखते पूरे परिसर में मातम जैसा माहौल छा गया। सूचना पर पहुंची मड़िहान थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल निवासी युवक के रूप में बताई जा रही है, जो रोजी–रोटी की तलाश में अपने परिवार से दूर मीरजापुर आया था। परिजनों को जब घटना की सूचना मिली तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। परिवार में कोहराम मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि निर्माणाधीन अदाणी पावर प्लांट में कार्य करने वाला उक्त कर्मचारी मंगलवार की शाम तक अपने साथियों के साथ सामान्य रूप से काम करता दिखाई दिया था। किसी को अंदाजा भी नहीं था कि रात होते–होते ऐसा दर्दनाक मंजर सामने आएगा। देर रात जब साथी कर्मचारियों ने उसे काफी देर तक नहीं देखा तो खोजबीन शुरू की गई। इसी दौरान उसका शव फंदे से लटकता मिला। घटना की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई। प्लांट परिसर में अफरा–तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर मड़िहान थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया। पुलिस ने घटनास्थल की जांच करते हुए आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ भी की। दूसरी ओर शुरू होने से पहले ही भारी जन विरोध, विवादों के साथ साथ पर्यावरणीय नियमों की अनदेखी के आरोपों से घिरी आदानी के निर्माणाधीन पावर प्लांट में हाल के महीनों में चार श्रमिकों की दुर्घटना में हुई मौत के बाद एक अन्य श्रमिक की फांसी के फंदे से लटकती लाश मिलने से कंपनी सवालों के घेरे में आ गई है।

# खड़े ट्रैक्टर में पीछे से भिड़ा बाइक सवार युवक, हालत गंभीर

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के ड्रमंडगंज हलिया मार्ग स्थित रतेह गांव में शिव फिलिंग स्टेशन के पास बुधवार दोपहर सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर में बाइक सवार अनियंत्रित होकर पीछे से जा भिड़ा। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस घायल युवक को उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गई। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। क्षेत्र के दुर्जनीपुर गांव निवासी 30 वर्षीय नीरज निषाद बाइक से हलिया गैस एजेंसी पर जा रहा था। जैसे ही रतेह गांव स्थित शिव फिलिंग स्टेशन से आगे पहुंचा तो खड़े सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर में पीछे से टकरा गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे एसआई कृपा शंकर यादव, रामविशाल व शिवाकांत पांडेय ने घायल युवक को उपचार हेतु अस्पताल पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक के मुंह तथा शरीर के अन्य हिस्सों में आई गंभीर चोट को देखते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी ने मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# कैंप लगाकर क्षय रोग मुक्त भारत के संदर्भ में किया गया जागरूक

मीरजापुर। शासन के निर्देशानुसार टीबी की पहचान और समय से उपचार सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने सौ दिवसीय सघन टीबी रोगी खोजी अभियान चलाया है के तहत बुधवार को लालगंज में चौपाल लगाकर लोगों को क्षय रोग के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान शिविर लगाकर अभियान में हाई रिस्क गांवों में हैंड हेल्ड एक्स रे मशीन से स्क्रीनिंग कर मरीजों को पहचान कर निः शुल्क इलाज से जोड़ा गया। इस सम्बन्ध में अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के सोनवर्षा, बसही कला, खजुरी, मानिकपुर, रानीबारी, नदनी, धंसडा राजा, बामी, राजपुर, तेंदुआकला, पगार, ददरी राजा, लालगंज सहित अन्य गांवों में स्वास्थ्य विभाग की टीम के एक्स रे टेक्निशन सुजीत कुमार मिश्रा वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक शमीम अहमद सहयोगी अजीत कुमार सिंह ने कैंप लगाकर लोगों की स्क्रीनिंग कराई। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत गांवों में लोगों को जागरूक करते हुए साथ ही कैंप लगाकर ऐसे लोगों की पहचान की गई जिनमें टीबी के संभावित लक्षण लगातार दो हफ्ते से खासी आना बुखार या वजन का कम होना दिखाई दे रहा है तो संदिग्ध मरीजों के सैंपल जांच के लिए भेजे गए हैं। ताकि बीमारी की पुष्टि के बाद इलाज शुरू कराया जा सके। वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक शमीम अहमद ने कहा कि सभी लोगों के सहयोग से लालगंज ब्लॉक टीबी मुक्त ब्लॉक बनेगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर योगेश दुबे ने कहा कि टी बी एक संक्रामक बीमारी है, लेकिन नियमित दवा और समय पर उपचार से पूरी तरह ठीक किया जा सकता है। शिविर में शमीम अहमद वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक, अजीत कुमार सिंह, नीरज कुमार सिंह, एलटी राजेश श्रीवास्तव, आशा सुनीता दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

# आईआईएमटी यूनिवर्सिटी में गर्ल्स हश्स्टल की तीसरी मंजिल से गिरकर छात्रा की मौत

मेरठ। बुधवार की सुबह दिन निकलने से पहले गंगानगर स्थित आईआईएमटी यूनिवर्सिटी में गर्ल्स हॉस्टल की तीसरी मंजिल की छत से गिरकर एक छात्रा की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। घटना के चलते विश्वविद्यालय में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रा के शव को मोर्चरी भेजते हुए जांच शुरू कर दी है।जानकारी के मुताबिक सहारनपुर निवासी अनु गुप्ता आईआईएमटी विश्वविद्यालय में बीए सेकंड ईयर की छात्रा थी। अनु यूनिवर्सिटी कैंपस स्थित सरोजिनी नायडू गर्ल्स हॉस्टल में रहती थी। बुधवार की सुबह हॉस्टल में काम करने वाली मेड छात्रावास के नीचे बने जिम के बाहर से गुजर रही थी। जहां उसने अनु की खून से लथपथ लाश को औंधे मुंह जमीन पर पड़े देखा।मेड का शोर सुनकर मौके पर छात्राओं की भीड़ लग गई। विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा घटना की जानकारी दिए जाने के बाद पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच–पड़ताल की। अनुमान लगाया जा रहा है कि देर रात हॉस्टल की तीसरी मंजिल की छत से गिरकर छात्रा की मौत हुई है। फिलहाल शव को मोर्चरी भेजते हुए पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

# परतापुर में फ्लोर मिल में भीषण अग्निकांड, जान बचाने को छत से कूदे दो मजदूर घायल

मेरठ। मंगलवार देर रात परतापुर थाना क्षेत्र स्थित एक फ्लोर मिल में शॉर्ट सर्किट के चलते भीषण आग लग गई। अफरा–तफरी के दौरान जान बचाने के लिए छत से कूदे मजदूरों में से दो मजदूर घायल हो गए। फायर ब्रिगेड की आठ गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई। आग में लाखों के नुकसान की बात सामने आई है।जानकारी के मुताबिक रविंद्र जैन की रिठानी में अशोका फ्लोर मिल है। बताया जाता है कि बुधवार रात करीब 12रू30 बजे शॉर्ट सर्किट के चलते मिल में अचानक आग लग गई। हालांकि मिल उस समय बंद थी। लेकिन, बिल्डिंग के प्रथम तल पर रहने वाले मजदूर आराम कर रहे थे।आग लगते ही मजदूरों में भगदड़ मच गई। जान बचाने के लिए कई मजदूर बिल्डिंग की छत से कूद गए। जिसमें शाहजहांपुर निवासी श्रीचंद और पूरन घायल हो गए। हादसे के चलते आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की आठ गाड़ियों ने घंटों चली मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घायल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। अग्निकांड में लगभग 2500 कुंटल अनाज और मशीन जलकर खाक हो गई। फ्लोर मिल के मालिक के मुताबिक आग में लगभग 30 लाख के नुकसान की बात कही जा रही है।

# देवीपाटन मंडल के विकास का नया खाका तैयार

गोण्डा देवीपाटन मंडल के समग्र एवं योजनाबद्ध विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए नवागत आयुक्त देवीपाटन मंडल दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंडल के सभी जिलाधिकारियों से उनके जनपदों की प्रमुख चुनौतियों, संभावनाओं तथा उनके प्रभावी निराकरण के संबंध में विस्तृत रिपोर्ट एवं सुझाव मांगे हैं। यह पहल मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जनपद आधारित विकास मॉडल तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि प्रत्येक जनपद की भौगोलिक, सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियाँ अलग हैं, इसलिए स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाएगा। उन्होंने कृषि, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, रोजगार, महिला सशक्तिकरण एवं जनजातीय क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। आने वाले समय में इन क्षेत्रों में उल्लेखनीय एवं सकारात्मक परिवर्तन आमजन को देखने को मिलेंगे। श्रावस्ती जनपद ने अपनी रिपोर्ट में बौद्ध पर्यटन, खेल एवं जैविक खेती की व्यापक संभावनाओं को रेखांकित किया है। जेतवन विहार सहित ऐतिहासिक स्थलों के विकास, खेल अवसंरचना निर्माण एवं कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की योजनाएँ प्रस्तावित की गई हैं। वहीं बाढ़, परिवहन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की चुनौतियों के समाधान हेतु रेलवे, एयरपोर्ट विस्तार, तटबंध सुदृढ़ीकरण तथा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर कार्य किया जा रहा है। गोंडा जनपद ने कृषि, डेयरी, खाद्य प्रसंस्करण एवं धार्मिक पर्यटन को भविष्य की प्रमुख संभावनाओं के रूप में चिन्हित किया है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार, एग्रो प्रोसेसिंग यूनिट, कौशल विकास कार्यक्रम तथा सड़क एवं परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया है। घाघरा एवं सरयू नदी से होने वाली बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान हेतु भी कार्ययोजना तैयार की जा रही है। बहराइच जनपद ने जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा, रोजगार एवं आधारभूत संरचना को प्रमुख आवश्यकता बताया है। स्थानीय उत्पादों की मार्केटिंग, कृषि आधारित उद्योग, सड़क संपर्क एवं रेलवे ओवरब्रिज निर्माण जैसी योजनाओं को विकास का आधार माना गया है। तकनीकी एवं व्यवसायिक शिक्षा को बढ़ावा देकर युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में भी प्रयास प्रस्तावित हैं।

बलरामपुर जनपद ने बाढ़ नियंत्रण, जनजातीय विकास, स्वास्थ्य एवं डिजिटल सेवाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी है। थारू जनजाति की सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक पर्यटन, ऑर्गेनिक खेती एवं फूड प्रोसेसिंग को जनपद की प्रमुख संभावनाओं के रूप में प्रस्तुत किया गया है। साथ ही फ्लड अलर्ट सिस्टम, मोबाइल न्यूट्रिशन वैन, डिजिटल शिक्षा एवं ग्रामीण सुविधाओं के विस्तार जैसी योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।

# शिकायत करना पड़ा भारी, नगर पालिका कार्यालय में युवक को बंधक बनाकर मारपीट व जातिसूचक गालियां देने का आरोप

कर्नलगंज (गोण्डा) । नगर पालिका परिषद कर्नलगंज में सफाई व्यवस्था की शिकायत करना एक युवक को उस समय भारी पड़ गया, जब कथित तौर पर नगर पालिका से जुड़े कुछ दबंगों ने उसे कार्यालय परिसर में घेरकर बंधक बना लिया और जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट की। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है तथा नगर पालिका प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांधी नगर मोहल्ला निवासी रजनी कनौजिया पत्नी घनश्याम कनौजिया द्वारा कोतवाली कर्नलगंज में दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि उनके पति घनश्याम कनौजिया मंगलवार 19 मई 2026 को नगर पालिका परिषद कर्नलगंज में सफाई व्यवस्था की शिकायत करने पहुंचे थे। आरोप है कि शिकायत से नाराज होकर वहां मौजूद आशीष सिंह, सुरभि पांडेय, अनुज जायसवाल, मोनू गुप्ता और पशुपति सिंह सहित अन्य लोगों ने उन्हें घेर लिया। आरोपियों ने नगर पालिका का मुख्य गेट बंद कर उन्हें बंधक बना लिया और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पुलिस को दी गई। आरोप है कि मौके पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय पीड़ित घनश्याम कनौजिया को ही हिरासत में लेकर कोतवाली भेज दिया, जबकि आरोपित खुलेआम घूमते रहे। सूत्रों के अनुसार पुलिस द्वारा घनश्याम कनौजिया के खिलाफ 151 की एकपक्षीय कार्रवाई किए जाने की तैयारी की जा रही है।मामले को लेकर स्थानीय लोगों में भी रोष व्याप्त है। लोगों का कहना है कि नगर पालिका परिषद कार्यालय में इससे पहले भी इस प्रकार की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। आरोप है कि नगर पालिका में भ्रष्टाचार, गंदगी अथवा अव्यवस्था की शिकायत करने वालों को प्रताड़ित किया जाता है और दबंगई का माहौल कायम है।

पीड़िता रजनी कनौजिया ने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ एससीध्एसटी एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, थाना प्रभारी नरेंद्र प्रताप राय से दूरभाष पर संपर्क कर पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव करने के बाद काट दिया।

# यूपी-एमपी रवा बार्डर के करनपुर व मड़वा धनावल जंगल में लगी भीषण आग, सुलगता रहा जंगल

मीरजापुर। जिले के अंतिम छोर पर स्थित ड्रमंडगंज वनरेंज के करनपुर व मड़वा धनावल जंगल में मंगलवार दोपहर में आग लग गई, जो रात से लेकर दूसरे दिन सुबह भी कुछ हिस्सों में जारी रही है। तेज हवाओं के चलने से आग जंगल के कई हिस्सों में तेजी से फैल गई। ग्रामीणों की सूचना के बाद भी देर रात तक वन विभाग की टीम आग बुझाने जंगल में नही पहुंच पाई थीं।तेज हवाओं के चलने से आग पहाड़ के ऊपरी हिस्से में तेजी से फैलने लगी है। ग्रामीणों ने बताया कि आग सीमावर्ती मध्यप्रदेश के जंगलों से बढ़ते हुए करनपुर व मड़वा धनावल पहाड़ तक पहुंच गई थी। आग की चपेट में आने से जंगल के हरे भरे तेंदू, पलाश, नीम, अर्जुन, सलई, सिद्ध, बांस आदि पेड़ पौधे जलकर राख हो रहे हैं। जंगलों में तेजी से आग फैलने से वन्यजीवों पर भी खतरा मंडराने लगा है। वहीं इस संबंध में क्षेत्रीय वन अधिकारी ड्रमंडगंज से बात करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल फोन स्विच ऑफ बता रहा था। यूपी–एमपी से लगे हुए मीरजापुर के ड्रमंडगंज वन क्षेत्र के जंगल में आग लगने की घटना कोई पहली घटना नहीं है यह प्रतिवर्ष की घटना बताई जाती है। ऐसे में एक सवाल यह भी उठता है कि क्या यह महज एक संयोग ही हो सकता है या कोई गहरी साजिश। साजिश की आशंका इस लिए कहा जा रहा है कि प्रतिवर्ष लाखों करोड़ों पेड़ पौधों के रोपण का ढिंढोरा पीटकर रिकार्ड हासिल करने की होड़ में बयान बहादुरों ने इनपर लाखों पानी की तरह बहाते भी आएं हैं,अब यह अलग बात है कि कागजों में हर वर्ष लाखों पौधे लगाकर लाखों खर्च कर कितने जंगल का और पौधों को बढ़ावा दिया गया है यह कोई बताने को तैयार नहीं होता है। दूसरी ओर कहने को तो वन क्षेत्राधिकारी से लेकर रेंज में तैनात वाचर, फारेस्ट गार्ड इत्यादि बराबर जंगल की निगरानी के लिए तैनात किए गए हैं, बावजूद इसके जंगल में भीषण आग लगने की घटनाएं हजम नहीं होती है। मजे कि बात तो यह है कि हर बार जंगल में आग लगने के बाद जिम्मेदार जवाब देही से बचते हुए आस–पास के गांवों के ग्रामीणों एवं चरवाहों को कसूरवार ठहरा देते हैं कि किसी ने बीड़ी सिगरेट पीने के बाद फेंका होगा उसी से आग लगी होगी। बड़ा सवाल यह है कि यह रटा–रटाया जुमला कब तक वन विभाग दुहराता रहेगा, क्यों कि जंगल में आग की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए ग्रामीण या चरवाहे जोखिम मोल लेना नहीं चाहेंगे।

# उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु तथा श्रम बन्धुओं की समस्याओं का समय से करें समाधान---जिलाधिकारी

गोण्डा । जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु, श्रम बन्धु व व्यापार बन्धुओं की बैठक जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई। उद्योग बन्धु की बैठक में सर्वप्रथम पिछले कार्यवृत्ति की अनुपालन स्थिति जानी गयी। जिलाधिकारी ने उद्यमियों की समस्याओं से अवगत होते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त उद्योग के स्तर से आवेदनकर्ता की पात्रता व सभी संबंधित औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद अधिकारियों को अग्रसारित किया जाय। सभी लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारण हेतु विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया जाय। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि उद्योग बंधुओं एवं व्यापार बन्धुओं व श्रम बन्धुओं की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण समाधान समय से करना सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त उद्योग व अन्य विभाग के अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा है कि व्यापार बन्धुओं व उद्योग बन्धुओं के व्यापार में अपेक्षित सहयोग करना सुनिश्चित करें। बैठक में व्यापारियों ने अपने–अपने सुझाव दिये जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी मिलकर समस्या का समय से समाधान करायें। बैठक में युवा रोजगार योजना, इन्वेस्टर्स समिट सहित सभी अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान सभी पदाधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि शहर में अतिक्रमण से जाम की बहुत बड़ी समस्या है जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ऐसे स्थानों को चिन्हित करें और एक टीम तैयार करके अतिक्रमण को हटाना सुनिश्चित करें, ताकि लोगों से जाम की समस्याओं से निजात मिल सके।

# नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार, पुलिस के गिरफ्त में आने के बाद लगाई दौड़

गोण्डा मिली जानकारी के मुताबिक 17 मई को छपिया थाना क्षेत्र अंतर्गत हाई स्कूल में पढ़ने वाली एक 15 वर्षीय छात्रा दोपहर के बाद विद्यालय से वापस घर लौट रही थी। इसी दौरान सुकरौली गांव के रहने वाले अजीत यादव पुत्र रामतौल यादव ने रास्ते में छेड़छाड़ कर दी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।अपने साथ हुई ज्यादती से छात्रा सहम गई। पीठ पर स्कूल का बस्ता लादे हुए रोते चिल्लाते घर भागी। बेटी को रोते हुए घर आते देखकर मां के पैरों तले जमीन खिसक गई, मां के पास पहुंचते ही छात्रा मां से लिपटकर रोने लगी। उसने अपने साथ हुई ज्यादती की दास्तां सुनाते हुए कहा कि अब वह स्कूल कभी नहीं जाएगी। बेटी का दर्द सुनकर मां के होश उड़ गए। मामले में स्थानीय पुलिस से गुहार लगाई गई।मामला संज्ञान में आते ही पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने आरोपी की अविलंब गिरफ्तारी के लिए पांच टीमों का गठन कर दिया। मामले में जांच करते हुए मनकापुर पुलिस क्षेत्राधिकारी उदित नारायण पालीवाल ने रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरे को देखकर घटना की पुष्टि की। जिसके बाद आरोपी के गिरफ्तारी का प्रयास तेज हो गया। 18 मई के रात लगभग 8 बजे छपिया पुलिस ने आरोपी अजीत को थाना क्षेत्र के परसा तिवारी रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। इसी दौरान आरोपी ने पुलिस से बचकर भागने के लिए मैराथन की दौड़ लगा दी, लेकिन वह सफल नहीं हो सका। आरोपी रेलवे लाइन के पास लगी बाढ़ को छलांग लगाकर भाग रहा था तभी गिर कर घायल हो गया। उसके दाहिने पैर में गंभीर चोट आई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपिया पहुंचाया, जहां इलाज के उपरांत पुलिस आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने मे जुट गई।

# प्रश्पर्टी डीलर के अश्फिस पर गोलियां बरसाने वाला बदमाश गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

मेरठ। चार दिन पहले ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र में प्रॉपर्टी डीलर और ट्रेवल्स के ऑफिस पर गोलियां बरसाने वाले बदमाश को पुलिस ने देर रात भर दबोचा। घटना में प्रयुक्त गाड़ी बरामद कराने गए बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी, जो पैर में पुलिस की गोली लगने से घायल हुआ है। बदमाश के पास से घटना में प्रयुक्त कार, तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं। सीओ ब्रह्मपुरी सौम्या अस्थाना ने बताया कि बीती 16 मई को टाटा हैरियर गाड़ी में सवार बदमाशों ने माधवपुरम सेक्टर एक स्थित मनोज कुमार गोयल के ओम प्रॉपर्टी और रविंद्र शर्मा के महादेव प्रॉपर्टी टूर एंड ट्रेवल्स के ऑफिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग करते हुए ऑफिस के कांच तोड़ दिए थे। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए टाटा हैरियर गाड़ी को चिन्हित किया। घटना में नितिन राणा, अंकित भारद्वाज उर्फ गुड्डू पंडित और चीकू उर्फ पिस्टल के नाम प्रकाश में आए। देर रात पुलिस ने अंकित भारद्वाज उर्फ गुड्डू पंडित को गिरफ्तार कर लिया। गुड्डू ने बताया कि घटना में प्रयुक्त गाड़ी उसने नूर नगर कट के पास कूड़ा गोदाम में खड़ी की है। पुलिस गुड्डू को साथ लेकर गाड़ी बरामद करने गई थी। जहां गाड़ी बरामद होते ही गुड्डू ने गाड़ी के डैशबोर्ड से तमंचा निकालकर पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में गुड्डू पैर में गोली लगने से घायल हुआ।

# 21 मई को मनाया जायेगा आतंकवाद विरोधी दिवस-अपर जिलाधिकारी (नगर)

मेरठ अपर जिलाधिकारी (नगर) मेरठ ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दिनांक 21 मई 2026 को आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण का आयोजन किया जाना है। इस शपथ ग्रहण का कार्यक्रम प्रातः 11.00 बजे सभी कार्यालयधविद्यालयों में आयोजित किया जायेगा। सभी विद्यालयों में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाये जाने हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला बेसिक षिक्षा अधिकारी विभिन्न विद्यालयों में शपथ ग्रहण कार्यक्रमो का आयोजन भी सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी आतंकवाद विरोधी दिवस पर शपथ ग्रहण का आयोजन करायेंगे।उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी कार्यकक्ष कलेक्ट्रेट मेरठ में दिनांक 21 मई 2026 को प्रातः 11.00 बजे आतंकवाद विरोधी दिवस पर शपथ ग्रहण का आयोजन किया जायेगा।

# पुलिस अधीक्षक ने थाना मोतीगंज का किया वार्षिक निरीक्षण

गोण्डा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मंगलवार को थाना मोतीगंज का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण से पूर्व पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर पहुंचकर गार्द की सलामी ली। तत्पश्चात थाना परिसर, थाना कार्यालय, विवेचना कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, शस्त्रागार एवं अन्य शाखाओं का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखने, कार्यालय अभिलेखों को अद्यावधिक बनाए रखने तथा अभिलेखों के उचित रख–रखाव हेतु प्रभारी निरीक्षक मोतीगंज को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। शस्त्रागार में रखे शस्त्रों की नियमित साफ–सफाई एवं रखरखाव सुनिश्चित करने के साथ–साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों से शस्त्रों को खोलकर एवं बन्द कराकर उनकी कार्यक्षमता की जांच करायी गयी। साथ ही भोजनालय कक्ष में पुलिस कर्मियों हेतु गुणवत्तायुक्त एवं पोषणयुक्त भोजन तैयार किए जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। मिशन शक्ति कक्ष एवं महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते हुए उनके द्वारा नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों से वार्ता की गयी तथा घरेलू हिंसा एवं महिला सम्बन्धी अपराधों से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं की काउंसलिंग के दौरान उनकी भूमिका, शिकायतकर्ता की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनने तथा शिकायतों पर त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही किए जाने के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गयी।

# समर कैंप में बच्चों ने सीखे खेल और कला के गुर

चित्रकूट। सेंट थॉमस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्रों के प्रतिभा प्रदर्शन और शारीरिक–मानसिक विकास के लिए आयोजित किया गया। पांच दिवसीय समर कैंप बेहद उत्साह और उमंग के साथ संपन्न हो गया। इस पांच दिनों के कैंप में स्कूल के छात्र–छात्राओं ने विभिन्न खेलकूद और रचनात्मक विधाओं में बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया।
शिविर के दौरान बच्चों को पेशेवर और तकनीकी रूप से मजबूत बनाने के लिए अनुभवी प्रशिक्षकों और मेंटर्स ने विशेष प्रशिक्षण दिया। पांच दिनों तक चले इस कड़े और मनोरंजक अभ्यास सत्र में बच्चों ने निम्नलिखित विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया।
बास्केटबॉल के कोच मिस्टर सुनील और गौतम ने बच्चों को ड्रिबलिंग, पासिंग और बास्केटिंग की बारीकियां सिखाईं। फुटबॉल के कोच सागर सोनी ने फुटबॉल के मैदान पर खिलाड़ियों को खेल की विभिन्न रणनीतियों और फुटवर्क का अभ्यास कराया। वॉलीबॉल एवं एथलीट में कोच पुरुषोत्तम दास मौर्य ने दोहरी भूमिका निभाते हुए बच्चों को वॉलीबॉल की तकनीकों के साथ–साथ एथलेटिक्स और फिटनेस के गुर सिखाए। बैडमिंटन कोच कार्तिकेय त्रिपाठी ने बैडमिंटन कोर्ट पर बच्चों को स्मैश और सर्विस की बारीकियों से रूबरू कराया। क्रिकेट के पिच पर बच्चों को बैटिंग और बॉलिंग के गुर कोच अरुण कुमार द्वारा सिखाए गए। बच्चों के मानसिक विकास और एकाग्रता को बढ़ाने के लिए शतरंज का विशेष प्रशिक्षण फादर बास्टिन अर्किल द्वारा दिया गया। डांस–सांस्.तिक गतिविधियों के तहत जीतू श्रीवास और प्रिया कुशवाहा ने बच्चों को विभिन्न नृत्य शैलियों पर थिरकना सिखाया। आर्ट एंड क्राफ्ट– बच्चों की रचनात्मकता को नई दिशा देने का काम मितु गोयल ने किया। कैनवास पर रंगों को उकेरने और सुंदर चित्रकारी का हुनर सुशील कुमार और पूनम सोनी द्वारा सिखाया गया।
शिविर के अंतिम दिन बच्चों ने इन 5 दिनों में सीखे गए अपने खेल कौशल, कला.तियों और नृत्य का शानदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह के अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य फादर बास्टिन अराकल, उप–प्रधानाचार्या सिस्टर शिजी, मिस्टर सेल्वा कैसियन, शेखर शरण और जय मसीह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।
प्रधानाचार्य फादर बास्टिन ने अपने संबोधन में कहा कि पढ़ाई के साथ–साथ खेलकूद और कलात्मक गतिविधियां बच्चों के व्यक्तित्व को निखारने का काम करती हैं। स्कूल प्रबंधन ने सभी कोचों और मेंटर्स के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मानित किया। बच्चों के इस बेहतरीन बदलाव और सीखने की ललक को देखकर समापन समारोह में मौजूद अभिभावकों ने स्कूल की इस पहल की जमकर सराहना की।

# प्रशिक्षण वर्ग में भाजपा कार्यकर्ताओं को बताए गए संगठन के सिद्धांत

## –छह सत्रों में हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम

चित्रकूट। दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ हुआ। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने की। प्रदर्शनी का फीता काट कर उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री रामकेश निषाद मौजूद रहे।
प्रशिक्षण वर्ग के पहले सत्र मुख्य वक्ता के रूप में राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि जनसंघ का गठन राजनीति में भारतीय चिंतन के आधार पर सरकात्मक विकल्प देने के लिए डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में 21 अक्टूबर 1951 को किया गया। 1952 में दीपक चुनाव चिन्ह पर अपना पहला चुनाव लड़ा। जिसमें पार्टी के तीन सांसद जीते। द्वितीय सत्र में क्षेत्रीय महामंत्री संत विलास शिवहरे ने वैचारिक अधिष्ठान पर कहा कि भारतीय संस्.ति के मूल दर्शन को व्यक्त करने वाले समग्र विचार जो भारतीय जनता से 1965 से विजयवाड़ा में एकात्म मानववाद के रूप में स्वीकार किया तथा पुनः भाजपा ने 1985 के राष्ट्रीय परिषद में से अपना मूलभूत सिद्धांत स्वीकार किया। पंचमिष्ठाओं के सिद्धांत के आधार पर भारतीय जनता पार्टी का निर्माण भाजपा ने अपने प्रथम अधिवेशन में सैद्धांतिक रूप में पंच निष्ठा की घोषणा की। तीसरा सत्र में पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे ने कहा कि संगठन का स्तंभ कार्य करता है। भाजपा में कार्यकर्ताओं को संगठन साधन के रूप में नही मानते हैं उसे विकसित राष्ट्र के संकल्प के रूप में देखते हैं। चतुर्थ सत्र राष्ट्रीय मंत्री राजेंद्र भंडारी ने कहा कि संगठन और इसका कार्य समाज से अलग नहीं बल्कि समाज केंद्रित है। राष्ट्रीय विचारों को जनजीवन का हिस्सा बनना तथा राष्ट्र के तथा में सभी की सहभागिता सुनिश्चित करना भाजपा के कार्य विस्तार के दो भागों में विभाजित किया जा सकता है। पांचवा सत्र में प्रदेश उपाध्यक्ष रंजन उपाध्याय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्य पद्धति में कार्यालय केवल प्रशासनिक इकाई निबंध की विचार और संस्कार और संगतानात्मक ऊर्जा का केंद्र है। छठवे सत्र में जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य ने कहा कि यह अभियान कार्यकर्ताओं में वैचारिक स्पष्टता, अनुशासन और कार्य कुशलता को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक सक्रिय और प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की वास्तविक शक्ति होते हैं। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर आधारित यह प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं को राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता और सेवा भाव की दिशा में और अधिक सजग बनाता है। प्रशिक्षण वर्ग का संचालन जिला महामंत्री अश्वनी अवस्थी ने किया।

# जानकीकुंड चिकित्सालय में सेवाएं देंगें दिल्ली के फिजीशियन

चित्रकूट। सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित जानकीकुण्ड चिकित्सालय में अब दिल्ली के चिकित्सालयों में अपनी सेवाएं दे चुके दो जनरल फिजियाशन डॉ जैनेश जैन एवं डॉ धर्मेंद्र सिंह अपनी निरंतर सेवाएं देंगे। ट्रस्टी एवं डायरेक्टर डॉ इलेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि चित्रकूट क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में चिकित्सा का काफी अभाव है। लोगों को जनरल मेडीशिन संबंधी बीमारियों के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था और यहाँ अच्छे फिजियशनों की कमी होने के कारण मरीजों को बाहर ले जाना पड़ता था। जिसको देखते हुए श्री सदगुरु से संघ ट्रस्ट बोर्ड ने ये फैसला लिया कि यहां के क्षेत्रवासियों को चिकित्सा के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। बता दे कि डॉ. जैनेश जैन एमबीबीएस और एमडी, डीएनबी मेडिसिन हैं और राममनोहर लोहिया चिकित्सालय नई दिल्ली में अभी तक अपनी सेवाएं दे रहे थे। इसी तरह डॉ धर्मेंद्र सिंह ने आजाद मेडिकल कॉलेज दिल्ली से एमडी करके हमदर्द इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस एंड रिसर्च दिल्ली में आठ वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे थे। अब इन दोनों चिकित्सकों के निरंतर सेवाएं देने से चित्रकूट क्षेत्र के लोगो को काफी लाभ होगा।

# पुलिस ने विधानसभा का घेराव करने जा रहे प्रधानों को रोका

चित्रकूट। यूपी में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल इसी महीने 26 मई को समाप्त होने वाला है। इसके पहले ग्राम प्रधान अपना कार्यकाल बढ़ाने की मांग कर रहे है। उनका मानना है कि समय से पहले चुनाव न होने की स्थिति में ग्राम प्रधानों को ही पंचायतों के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी जाए। प्रधान शासन स्तर पर कार्यकाल खत्म होने से पहले पंचायतों में प्रशासक नियुक्त करने की तैयारी का विरोध कर रहे है।लखनऊ में बुधवार को ग्राम प्रधान संगठन ने इसी मांग को लेकर विधानसभा घेराव का ऐलान किया था। जिसमें शामिल होने के लिए प्रधान संघ जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ला के नेतृत्व में करीब आधा सैकड़ा से अधिक ग्राम प्रधान लखनऊ जा रहे थे। पुलिस प्रशासन ने प्रधानों को रोकने के लिए पहले से ही तैयारी कर रखी थी। प्रधान कौशांबी के रास्ते लखनऊ निकल रहे थे। प्रधानों का जत्था जैसे ही कौशांबी–चित्रकूट बॉर्डर स्थित यमुना पुल के पास पहुंचा, वहीं पर पहले से ही पुलिस बल के साथ मौजूद सीओ राजकमल, थाना प्रभारी अनिल गुप्ता, रैपुरा थानाध्यक्ष राम सिंह ने प्रधानों को रोक लिया। पुलिस ने पुल के दोनों ओर घेराबंदी कर प्रधानों के जत्थे को आगे बढ़ने नहीं दिया। पुलिस कार्रवाई के बाद प्रधान आक्रोशित हो गए। प्रधानों ने सड़क पर ही नारेबाजी शुरू कर दी। प्रधानों ने लखनऊ जाने के लिए कई बार प्रयास किया। जिस पर प्रशासनिक अधिकारियों से तीखी बहस भी हुई। लेकिन पुलिस प्रशासन ने उनको आगे जाने नहीं दिया। करीब एक घंटे तक चले हंगामे और नारेबाजी के बाद सभी प्रधानों को राजापुर थाने लाया गया। जहां पुलिस और प्रधान संघ पदाधिकारियों के बीच लंबी वार्ता चली। बाद में सभी को वापस भेज दिया गया। प्रधान संघ जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ला ने कहा कि प्रदेश सरकार लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश कर रही है। ग्राम प्रधान जनता के सीधे चुने हुए प्रतिनिधि हैं। लेकिन सरकार जानबूझकर पंचायत चुनाव टाल रही है और अब प्रशासक बैठाकर गांवों की सत्ता नौकरशाही के हाथों में सौंपना चाहती है। जब तक नए चुनाव नहीं हो जाते, तब तक वर्तमान प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाना चाहिए। पंचायत संचालन के सभी अधिकार प्रधानों के पास ही रहें। अगर सरकार ने मांगें नहीं मानीं तो आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन होगा। सीओ राजकमल ने बताया कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रधानों को शांतिपूर्वक रोका गया और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही। इस दौरान प्रधान लवदीप शुक्ला खरसेड़ा, रंजीत सिंह कलवारा, रामेश्वर सगवारा, ईंदल बीरधुमाई, रामबाबू शुक्ला शालिकपुर, रामरूप दरसेड़ा, अनिल बरेठी, लवकुश खरौंध, सुभाषचन्द्र सुरसेन, कमल सिंह सरैया, उदित अर्जुनपुर, देवनाथ दहिनी, जवाहरलाल कलवारा बुजुर्ग आदि प्रधान मौजूद रहे।

# अराजकतत्वों की जानकारी होने पर रेलवे पुलिस को दें सूचना

चित्रकूट। ट्रेनों पर पत्थरबाजी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के क्रम में रेलवे ट्रैक किनारे स्थित ग्राम शोभा सिंह का पुरवा में जीआरपी थानाध्यक्षा शालिनी सिंह भदौरिया और आरपीएफ पुलिस बल ने स्थानीय लोगों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को पत्थरबाजी की घटनाओं की रोकथाम के लिए जागरूक किया। साथ ही किसी भी प्रकार की घटना होने पर तत्काल रेलवे हेल्पलाइन 139 एवं थाना सीयूजी 9454404469 पर सूचना देने की अपील की।

# एसडीएम ने ओवरलोड बालू लदे डंपर को किया सीज

चित्रकूट। मऊ के उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन ने बुधवार सुबह ओवरलोड बालू लदे डंपर को सीज किया है। जानकारी के अनुसार क्षेत्र भ्रमण के दौरान ओवरलोड बालू लदे डंपर को देखकर एसडीएम ने रोकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने डंपर नहीं रोका और तेज गति से आगे बढ़ गया। इसके बाद एसडीएम ने तत्काल उसका पीछा किया और कटिया क्षेत्र के पास डंपर को पकड़ लिया। वाहन को चालक सहित मऊ थाने लाया गया। जहां जांच में कई अनियमितताएं सामने आईं। डंपर में आगे और पीछे दोनों तरफ नंबर प्लेट नहीं लगी थी। इसके अलावा वाहन के दस्तावेज भी अधूरे मिले। जिस पर डंपर को सीज कर संबंधित विभाग को रिपोर्ट भेजी गई है।

# नई आभा से निखरेंगे गोरखपुर के मुख्य मार्ग, होगा सौंदर्यीकरण

गोरखपुर। स्मार्ट सिटी गोरखपुर में सड़कों को चौड़ा करने के बाद योगी सरकार उनके सौंदर्य को निखारने की पहल कर रही है। गोरखपुर के मुख्य मार्ग अब नई आभा से निखर उठेंगे। इसके लिए मुख्य मार्गों के डिवाइडर पर थिमेटिक प्रतिमाओं की स्थापना कर उनका कलात्मक विकास किया जाएगा। इस नए प्रोजेक्ट का उद्देश्य राहगीरों और सैलानियों के मन में गोरखपुर की छवि को अविस्मरणीय बनाना है।मुख्य मार्गों के डिवाइडर के कलात्मक विकास की परियोजना को पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल पर मूर्त रूप दिया जाएगा। इस प्रोजेक्ट का प्रस्तुतिकरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष किया जा चुका है और नगर निगम बोर्ड में इस संबंध में प्रस्ताव पारित होने के बाद अब काम शुरू होने जा रहा है। एक माह में परियोजना आकार लेने लगेगी।महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव बताते हैं कि गोरखपुर के मार्गों पर बने डिवाइडर का सौंदर्य अब केवल हरियाली तक सीमित नहीं रहेगा। अब उन्हें कलात्मक और सांस्कृतिक पहचान भी मिलेगी। डिवाइडर को थिमेटिक सांस्कृतिक रूप देने के लिए कहीं राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह और वाद्य यंत्रों की आकृतियां दिखाई देंगी तो कहीं योग मुद्राओं की प्रतिमाएं आकर्षण का केंद्र बनेंगी। इसके जरिये गोरखपुर शहर को आधुनिकता के साथ भारतीय संस्कृति तथा परंपरा से जोड़ा जाएगा। महापौर का मानना है कि आने वाले समय में गोरखपुर की सड़कें केवल यातायात का माध्यम नहीं बल्कि कला, संस्कृति और आधुनिक विकास का प्रतीक बनकर लोगों को आकर्षित करेंगी।परियोजना के अंतर्गत प्रमुख चौराहों व मार्गों पर थिमेटिक प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। इन प्रतिमाओं में संगीत, योग, अध्यात्म और भारतीय जीवनशैली की झलक देखने को मिलेगी। इससे न केवल शहर की सुंदरता बढ़ेगी बल्कि बाहर से आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं के मन में विकसित और व्यवस्थित गोरखपुर की सकारात्मक छवि भी बनेगी। सड़क किनारे आकर्षक लाइटिंग पहले से है। अब डिवाइडर पर हरियाली के बीच कलात्मक संरचनाओं के माध्यम से शहर को नया रूप दिया जाएगा। नगर के प्रवेश मार्गों और प्रमुख यातायात मार्गों को विशेष रूप से चिन्हित कर उनका सौंदर्यीकरण कराया जाएगा ताकि शहर में प्रवेश करते ही लोगों को आधुनिक और स्वच्छ गोरखपुर का अनुभव हो।प्रमुख मार्गों के डिवाइडर का थिमेटिक विकास करने के लिए चयनित संस्था इंडियन आर्ट एडवरटाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक कृष्ण मोहन बताते हैं कि काम शुरू करने से पहले विभिन्न विभागों की तरफ से जरूरी एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) हासिल कर लिया गया है और एक माह में काम शुरू कर दिया जाएगा।

# जनगणना डूटी में अनियमितता का शिक्षकों ने किया मुखर विरोध

बस्ती। जनगणना कार्य में शिक्षकों की ड्यूटी अनियमित ढंग से लगाए जाने को लेकर शिक्षकों में नाराजगी देखने को मिली। शिक्षकों ने आरोप लगाया कि ड्यूटी निर्धारण में पारदर्शिता नहीं बरती गई तथा दूरस्थ क्षेत्रों में मनमाने तरीके से तैनाती कर दी गई। शिक्षकों ने कहा कि यदि लगाई गई जनगणना ड्यूटी रद्द करके पुनः नए सिरे से उनके सुविधानुसार नहीं लगाई गई तो वह सभी जनगणना का सामूहिक बहिष्कार करेंगे। जिसको लेकर बुधवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह और मंत्री बालकृष्ण ओझा के नेतृत्व में शिक्षक सदर तहसील में अधिकारियों और कर्मचारियों से मिले। जब अधिकारियों और कर्मचारियों ने शिक्षकों की बात नहीं मानी तो शिक्षक धरने पर बैठ गए जिसके बाद अपर जिलाधिकारी प्रतिपाल सिंह चौहान के हस्तक्षेप के बाद सदर तहसील के अंतर्गत लगे सभी शिक्षकों की ड्यूटी तत्काल प्रभाव से रद्द की गई और नए सिरे से लगाने का निर्देश जारी किया गया तब जाकर शिक्षक शांत हुए। ड्यूटी लगाने में पुनः कोई अनियमितता ना होने पाए इसके लिए संबंधित ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारियों को भी लगाया गया है। जिलाध्यक्ष और जिला मंत्री ने कहा कि शिक्षकों की उनके तैनाती स्थल से 40 किलोमीटर दूर ड्यूटी लगाई गई है जो कि बिल्कुल उचित नहीं है। कुदरहा के शिक्षको को ड्यूटी बनकटी, बनकटी के शिक्षको की ड्यूटी साऊघाट, साऊघाट की ड्यूटी बहादुरपुर में लगा दी गयी है।उन्होंने कहा कि जब जनगणना उस क्षेत्र में भी होनी है जहां पर उसकी तैनाती है तो क्यों ना संबंधित शिक्षक की जनगणना ड्यूटी उसी क्षेत्र में लगा दी जाए जहां उसकी तैनाती है। जिला कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव ने कहा कि ड्यूटी निर्धारण में विद्यालय की दूरी, शिक्षकों की संख्या तथा महिला शिक्षकों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए। वहीं प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि नई सूची शिक्षकों की सुविधा में को ध्यान में रखते हुए निष्पक्ष तरीके से तैयार की जाएगी। धरने में मुख्य रूप से सुधीर तिवारी, अशोक यादव,विजय यादव, राजीव सिंह, अनीश, असद जमाल, आशीष दुबे, संजय यादव, नीरजा चौधरी, साधना यादव, राजेश वर्मा, मुक्तेश्वर, अंतिका , शीला, अजय श्रीवास्तव, रुकनुद्दीन, सनद पटेल, डॉ0 प्रमोद सिंह, अमित सिंह, उमाकांत शुक्ल, सुरेश गौड, प्रदीप कुमार मिश्र, सोनू पाल विश्वास, हृदय विकास पांडेय, मोहम्मद असलम, मक्खन लाल, अशोक कुमार पांडेय, सूरज मौर्य, राम प्रवेश चौधरी,शैलेन्द्र कुमार चौधरी,अनुराधा चौधरी,समसुलहक खान अध्यक्ष बृजेश त्रिपाठी, मंत्री अनूप सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय गिरी,चंद्रशेखर त्रिपाठी, राहुल कुमार, विनय चौधरी, सुभाष चंद्र, प्रेम नारायण चौधरी, विवेकानंद सिंह, गुलाबचंद, विकास श्रीवास्तव, नरेंद्र कुमार, कुलदीप गौतम, अतुल वर्मा, विनोद सिंह, नीरज पाण्डेय, हरिशंकर सिंह, कुलदीप गौतम, श्रीनिवास मिश्र, दुर्गेश कुमार सिंह, अतुल शुक्ला, अमरदीप चौधरी, प्रेम नारायण चौधरी, अभिषेक पाण्डेय, बलवंत सिंह, सतीश त्रिपाठी, आनंद कुमार, मोहम्मद आलम, मोहम्मद शाहिद, शिवाजी, सतीश दुबे, रवि तिवारी, अंकित सिंह, शालू सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# साइकिल से स्टाफ के साथ कोर्ट पहुंचे मुख्य न्यायाधीश परिवार न्यायालय

चित्रकूट। वर्तमान वैश्विक तेल संकट के .ष्टिगत बुधवार की मुख्य न्यायधीश राकेश कुमार यादव परिवार न्यायालय ने आवास से सिविल जज सीडि एसीजेएम अंशुमान यादव एवं अन्य स्टाफ के साथ साइकिल का प्रयोग कर न्यायालय पहुंचे। उन्होंने उपस्थित अधिवक्ताओं और शहरवासियों सहित वादकारियों को संदेश दिया कि वैश्विक तेल संकट और बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को देखते हुए साईकिल यात्रा करनी चाहिए। ईको सिस्टम को सुरक्षित रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि साईकिल न केवल ईंधन की बचत करती है बल्कि वायु प्रदूषण को भी कम करती है। जीरो प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन वाहन है। यही नहीं इससे स्वास्थ्य अच्छा रहता है और प्रकृति का संतुलन बनाए रखने में सहायता मिलती है। शहर या आसपास की यात्रा एवं छोटी दूरी के लिए मोटरसाईकिल या अन्य वाहन की जगह साईकिल अपनाने से तेल की खपत घटेगी। वहीं कार्बन उत्सर्जन कम होगा और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण मिल सकेगा।

# एमजीयूजी में दूसरे चरण की प्रवेश परीक्षा सकुशल संपन्न’

गोरखपुर,। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में बुधवार को दूसरे चरण के अंतर्गत स्नातक, परास्नातक के विभिन्न पाठ्यक्रमों सहित पीएचडी प्रवेश के लिए परीक्षा दो पालियों में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्रवेश परीक्षा में कुल 4536 परीक्षार्थी शामिल हुए।बुधवार को बीएससी बायोटेक्नोलॉजी, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, बीएससी एग्रीकल्चर, बीएससी फॉरेंसिक साइंस, डीफार्म, बीफार्म, बीसीए, एमसीए, बीबीए, एमबीए, बीएससी मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी, बीएससी माइक्रोबायोलॉजी, एमएससी माइक्रोबायोलॉजी, बीएससी बायोकेमिस्ट्री, बीएससी मेडिकल बायोकेमिस्ट्री, एमएससी बायोकेमिस्ट्री, एमएससी मेडिकल बायोकेमिस्ट्री, एमएससी फॉरेंसिक साइंस, एमएससी एग्रीकल्चर, जीएनएमऔर सभी विषयों में पीएचडी पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश किया हुई। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षा को शुचितापूर्ण, पारदर्शी, व्यवस्थित और शांतिपूर्वक तरीके से आयोजित करने के लिए विशेष इंतजाम किए गए।प्रवेश परीक्षा को लेकर परीक्षार्थियों के अभिभावकों की सुविधा हेतु विश्वविद्यालय के मंदिर परिसर तथा अस्पताल परिसर में बैठने की समुचित व्यवस्था की गई थी। अभिभावकों के लिये गुड़ एवं शीतल जल की विशेष व्यवस्था कर उन्हें सहज और आरामदायक वातावरण प्रदान किया गया। प्रवेश परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इस उद्देश्य से मार्गदर्शन कक्ष और सूचना केंद्र भी संचालित किए गए।विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रवेश परीक्षा को शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी अभिभावकों, अभ्यर्थियों, संयोजक मंडल तथा कर्मचारियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उप कुलसचिव श्रीकांत ने बताया कि परीक्षाफल निर्धारित समय सारिणी के अनुसार समय पर घोषित किया जाएगा।

# खाली गैस सिलेण्डर रखकर चूल्हे पर बनायी चाय, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

## केन्द्र सरकार महंगाई, बेरोजगारी पर अंकुश लगाने में विफल-हृदय गौतम

बस्ती ।बुधवार को बहुजन मुक्ति पार्टी मंडल अध्यक्ष हृदय गौतम, युग विंग जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश गौतम के नेतृत्व में तीन चरण बद्ध आंदोलन की कड़ी में घरेलू गैस, स्मार्ट मीटर, डीजल, पेट्रोल सहित जनहित के 15 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन करते हुये जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया। इसके पूर्व जिलाधिकारी कार्यालय के सामने चूल्हे पर चाय बनाकर खाली गैस सिलेंडर रखकर प्रदर्शन करते हुये सरकार को जन समस्याओं को लेकर आईना दिखाया गया।भारत मुक्ति मोर्चा के पूर्वांचल जोन प्रभारी आर. क. आरतियन चंद्रिका प्रसाद ने ज्ञापन सौंपने के बाद कहा कि समस्याओं का समुचित निराकरण न हुआ तो आन्दोलन जारी रहेगा। कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा महंगाई, बेरोजगारी पर अंकुश लगाने में विफल है। स्मार्ट मीटर द्वारा अधिकतम बिजली बिल उपभोक्ताओं पर थोपा जा रहा है। महंगे घरेलू गैस और कॉमर्शियल गैस एवं महंगे पेट्रोल–डीजल ने देश के बहुजन समाज के लोगों की आर्थिक कमर तोड़ने का सुनियोजित षड्यंत्र केन्द्र सरकार द्वारा किया जा रहा है। इसके विरोध में राष्ट्रव्यापी आंदोलन किया जा रहा है।
राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में कहा गया है कि एक तरफ इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के द्वारा जनता के वोटों की चोरी हो रही है तो वहीं दूसरी तरफ स्मार्ट के द्वारा जनता को लूटा जा रहा है। विद्युत सप्लाई ना करते हुए भी उपभोक्ताओं पर स्मार्ट मीटर द्वारा बिल थोपा जा रहा है। इस पर रोक लगाया जाय। घरेलू गैस रूपया 1500 से लेकर 2000 तक और कॉमर्शियल गैस रू. 2500 से लेकर रू. 3500 तक महंगा कर दिया है। देश के प्रत्येक नागरिकों को रोजी–रोटी, कपड़ा–मकान, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मिलनी चाहिए, लेकिन वर्तमान केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के कारण देश की आम जनता परेशान है। घरेलू गैस सिलेण्डर के लिये लोग परेशान है, कॉमर्शियल गैस की आपूर्ति रूकने से होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट का काम पूरी तरह से ठप हो चुका है। इसके कारण बेरोजगारी लगातार बढ रही है। गैस एजेंसियां एजेंटां के माध्यम से काला बाजारी कर ब्लैक से महंगे कीमतों में सिलेण्डर गैस बेच रही है। पेट्रोल–डीजल की बढ़ती कीमतों ने कर्मचारी, किसान–श्रमिक, युवा–छात्रों को प्रभावित किया है। मांग किया कि केन्द्र और उत्तर प्रदेश की सरकार जनता का अनावश्यक उत्पीड़न बंद करे।ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से सुग्रीव चौधरी जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय किसान मोर्चा, अमरनाथ, राम सुमेर यादव मंडल उपाध्यक्ष राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, सोनी जिला अध्यक्ष भारतीय विद्यार्थी छात्रा प्रकोष्ठ, दिनेश कुमार, पवन कुमार, ठाकुर प्रेम नंदवंशी मंडल महासचिव राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा, डा रिफाकत अली प्रदेश मीडिया प्रभारी राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा मो जावेद ,सीता भारती,सुनील यादव, वंश बहादुर चौधरी,मो अजीम ,मो आरिफ,बबिता, चंद्रावती आदि शामिल रहे।

# किसानों ने डीएम को बताई समस्याएं, निदान का मिला भरोसा

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग की अध्यक्षता मे बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे किसान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे किसान यूनियन एवं .षको ने अपनी समस्या बताई। मुख्य रूप से चकबंदी, अन्ना प्रथा, गौशाला, विद्युत, सिंचाई, गेहूँ खरीद की समस्या से अवगत कराया गया।डीएम ने किसानों को अवगत कराया कि सभी विभागों की योजनाओ के लक्ष्य अब प्राप्त हो रहे है। जरूरत के अनुसार आनलाइन आवेदन कर सकते है। वर्तमान में खरीफ के सभी प्रकार के बीज उपलब्ध है। शेष आवारा गौवंशों को शीघ्र ही संरक्षित करा दिया जाएगा। जिसके लिए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया। विद्युत की समस्या का समाधान करने के लिए अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड राजापुर एवं कर्वी को निर्देशित किया गया। सभी विभागों की योजनाओ के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गयी। बताया गया कि समयानुसार योजनाओ का लाभ ले सकते है। जिसमे मत्स्य पालन, उद्यान विभाग, पशु पालन विभाग एवं .षि विभाग से जनपद के किसान लाभ प्राप्त सकते है। तत्पश्चात प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत अवगत कराया गया कि खरीफ में 7543 किसानों को 50623081 रुपये की क्षतिपूर्ति दी गयी है और रबी में 366 किसानों को 238360 रुपये क्षतिपूर्ति सम्बंधित बीमा कम्पनी द्वारा किसानों के बैंक खातो भेजी जा रही है। रबी के अवशेष किसानों का बीमा क्लेम शटल की कार्यवाही की जा रही है। रबी 2025 में अमरीश कुमार मानिकपुर को सरसों फसल पर 18000 रुपये एवं खरीफ 2025 में नारायण प्रताप पुत्र रामआत्मा रगौली को धान फसल पर 53217, सगुनिया देवी पत्नी चंद्रशेखर सिंह ग्राम इटरोर भीषमपुर को तिल, धान फसल पर 67129 एवं बल्लभ शरण मिश्रा पुत्र रामलाल को धान फसल पर 41000 रुपये का डेमो चेक वितरित किया गया। इस मौके पर सीडीओ डीपी पाल, उप .षि निदेशक राजकुमार, जिला .षि अधिकारी आरपी शुक्ला, एसओसी मनोहर लाल वर्धन, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ एसके पांडेय, .षि विज्ञानं केंद्र गनीवा वैज्ञानिक उत्तम कुमार त्रिपाठी एवं भाकियू के जिलाध्यक्ष राम सिंह, शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# सीएम योगी बढ़ाएंगे रोइंग खिलाड़ियों का उत्साह, करेंगे पुरस्कृत’

गोरखपुर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार (21 मई) को रोइंग के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाएंगे। वह यहां रामगढ़ताल में आयोजित जूनियर नेशनल चौंपियनशिप के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल होंगे। रोइंग के दो फाइनल इवेंट देखने के बाद विजेताओं को पुरस्कृत कर संबोधन के जरिये सभी खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करेंगे। इसके पहले अक्टूबर 2024 में आयोजित सब जूनियर नेशनल रोइंग चौंपियनशिप के समापन समारोह में भी खिलाड़ियों को मुख्यमंत्री का पाथेय प्राप्त हुआ था। रामगढ़ताल को वाटर स्पोर्ट्स का राष्ट्रीय प्लेटफार्म बनाने का श्रेय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को जाता है। विशाल ताल को निखारने के साथ ही उन्होंने इसके समीप 49 करोड़ रुपये की लागत वाले विश्व स्तरीय वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की भी सौगात दी है। इसी का नतीजा है कि यहां एक के बाद एक रोइंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं आयोजित हो रही हैं।

# करो या मरो मुकाबला! मुंबई को हराकर केकेआर की प्लेऑफ की उम्मीदें जिंदा, कोर्बिन बाश का आलराउंड खेल भी नहीं आया काम

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) नेबुधवार को यहां बारिश से प्रभावित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 'करो या मरो' के मैच में मुंबई इंडियंस को चार विकेट से हराकर प्लेऑफ की अपनी उम्मीद जीवंत रखी। कोलकाता नाइट राइडर्स (ज्ञ्ज्ञ्त) ने बारिश से प्रभावित और रोमांच से भरपूर इंडियन प्रीमियर लीग (प्च्स्) के एक बेहद अहम मुकाबले में पांच बार की चौंपियन मुंबई इंडियंस (ड्प्) को 4 विकेट से हरा दिया। इस श्करो या मरोश के मैच में जीत दर्ज कर केकेआर ने प्लेऑफ की अपनी धुंधली उम्मीदों को कायम रखा है। केकेआर की धारदार गेंदबाजी और मनीष पांडे–रोवमैन पॉवेल की सूझबूझ भरी साझेदारी के दम पर टीम ने मुंबई के 147 रनों के लक्ष्य को 18.5 ओवर में हासिल कर लिया। केकेआर मनीष पांडे (45 रन, 33 गेंद) और रोवमैन पॉवेल (40 रन, 30 गेंद) के बीच चौथे विकेट के लिए 48 गेंद में 64 रन की भागीदारी से लक्ष्य के करीब पहुंची। टीम ने 18.5 ओवर में छह विकेट गंवाकर 148 रन जीत दर्ज की। इस जीत से केकेआर अंक तालिका में आठवें से छठे स्थान पर पहुंच गई जिससे उसके 13 अंक हो गए हैं जिससे उसकी प्लेऑफ में पहुंचने की धुंधली से उम्मीद अब भी बनी हुई है। भले ही केकेआर ने जीत दर्ज की लेकिन मुंबई इंडियंस के कोर्बिन बॉश ने बल्लेबाजी (नाबाद 32), गेंदबाजी (30 रन देकर तीन विकेट) और क्षेत्ररक्षण में शानदार प्रदर्शन किया।केकेआर को उम्मीद करनी होगी पंजाब किंग्स की टीम शनिवार को अपना मैच हार जाए। फिर उसकी निगाहें रविवार दोपहर को होने वाले राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस के मुकाबले पर होंगी, जिसके बाद शाम को उसका सामना दिल्ली कैपिटल्स से होगा। अगर रॉयल्स जीत जाती है तो उसकी प्लेऑफ में जगह पक्की हो जाएगी और केकेआर बाहर हो जाएगा। ऐसे में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ केकेआर का आखिरी लीग मैच बेमानी हो जाएगा। पांच बार की चौंपियन मुंबई इंडियंस की यह 13 मैचों में नौवीं हार थी। केकेआर ने पावरप्ले में कप्तान अजिंक्य रहाणे (21 रन) और फिन




एलन (08) के रूप में दो विकेट गंवाकर 51 रन बना लिए थे। एलन दो चौके लगाने के बाद पहले ही ओवर में दीपक चाहर की गेंद पर बोल्ड हो गए। चाहर ने पावरले में तीन ओवर डाले जिसमें उन्होंने 23 रन देकर एक विकेट झटका। जसप्रीत बुमराह ने अपने पहले ओवर में महज दो रन दिए। हालांकि उनके दूसरे ओवर में तीन चौके से 14 रन बने। बॉश के ओवर में दो चौके लगे लेकिन उन्होंने रहाणे की पारी समाप्त की।

बॉश ने फिर कैमरन ग्रीन (08) को आउट कर केकेआर को एक और झटका दिया। पॉवेल ने आते ही बॉश पर डीप स्क्वायर लेग पर गगनचुंबी छक्का जड़कर शुरूआत की। 10वें ओवर में हार्दिक पंड्या की गेंद पर चाहर ने डीप बैकवर्ड स्कवायर लेग में पॉवेल का आसान कैच छोड़कर उन्हें जीवनदान दिया। पांडे ने इसके बाद दो चौके लगा दिए। इस तरह 10 ओवर बाद केकेआर का स्कोर तीन विकेट 84 रन था।बुमराह ने पांडे के स्टंप उखाड़कर उनके और पॉवेल के बीच अर्धशतकीय भागीदारी का अंत किया जिससे 15 ओवर के बाद केकेआर का स्कोर चार विकेट पर 118 रन था। उसे जीत के लिए 30 गेंद में 30 रन चाहिए थे। पॉवेल ने गजनफर पर लांग ऑन पर छक्का लगाया और अगली ही गेंद पर बॉश ने शानदार कैच लपककर उनकी पारी का अंत कर दिया। केकेआर ने सात गेंद रहते जीत हासिल की। इससे पहले बादलों से घिरे आसमान के नीचे और बारिश से बचने के लिए ढकी गई ईडन गार्डन्स की पिच पर केकेआर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और पावरप्ले में मुंबई इंडियंस का स्कोर चार विकेट पर 41 रन कर दिया। इसमें कैमरन ग्रीन (तीन ओवर में 23 रन देकर दो विकेट) और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सौरभ दुबे (34 रन देकर दो विकेट) ने शुरुआती ओवरों में दो–दो विकेट लेकर अहम भूमिका निभाई।ग्रीन गेंद के अलावा मैदान पर असाध ारण रहे। उन्होंने सिर्फ तीन गेंदों के अंतराल मैरियान रिकेलटन (06) और नमन धीर (0) को पवेलियन भेजकर दो विकेट झटके। इसके बाद उन्होंने मिड विकेट से दौड़ते हुए एक शानदार कैच लपका और दुबे की गेंद पर रोहित शर्मा (15) को आउट कर दिया। इस दिग्गज भारतीय बल्लेबाज ने तभी खुलकर खेलने की कोशिश की थी। इसके बाद मुंबई इंडियंस ने सिर्फ आठ गेंदों के अंतराल में छह रन के भीतर ही अपने तीन विकेट गंवा दिए।ूर्यकुमार यादव ने ग्रीन की गेंदों पर लगातार बाउंड्री लगाई और फिर दुबे की गेंद को स्क्वायर लेग के ऊपर से मारकर छक्का जड़ दिया। लेकिन बाएं हाथ के गेंदबाज दुबे ने समझदारी दिखाते हुए अपनी गेंदबाजी की दिशा बदली (अराउंड द विकेट आए) और गेंद को अंदर की ओर एंगल दिया जिसके चलते सूर्यकुमार गेंद को अपने ही स्टंप्स पर मार बैठे और 26 रन बनाकर आउट हो गए। बारिश के कारण एक घंटे का खेल रुकने के बाद केकेआर की स्पिन जोड़ी सुनील नारायण और चोटिल वरुण चक्रवर्ती ने अपनी पकड़ और मजबूत कर ली। दोनों ने मिलकर अपने शुरुआती चार ओवरों में सिर्फ 14 रन दिए। नारायण अपनी टर्न और उछाल से काफी खतरनाक साबित हुए। उन्होंने तिलक वर्मा को लगातार परेशान किया और अंत में मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या (26 रन, 27 गेंद) का कीमती विकेट हासिल किया। नारायण ने अपने चार ओवर में 13 रन देकर एक विकेट लेकर शानदार प्रदर्शन किया जिसमें 16 'डॉट बॉल' शामिल थीं। चक्रवर्ती बदकिस्मत रहे कि वह तिलक को 12 रन के स्कोर पर आउट नहीं कर पाए। विकेटकीपर अंगकृष रघुवंशी से टकराने के कारण उनके हाथ से 'रिटर्न कैच' (गेंदबाज की ओर आया कैच) छूट गया।इस दौरान रघुवंशी के हाथ में चोट लग गई और उन्हें मैदान छोड़कर बाहर जाना पड़ा। उनकी जगह तेजस्वी दहिया वैकल्पिक खिलाड़ी के तौर पर मैदान में आए। हालांकि तिलक इस जीवनदान का फायदा उठाने में नाकाम रहे।

# आपीएल प्लेआफ से पहले आरसीबी को मिला बूस्टर डोज, इंग्लैंड के फिल साल्ट की होगी वापसी

रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाज फिल सॉल्ट उंगली की चोट से उबरकर आईपीएल 2026 के अहम दौर में टीम के साथ जुड़ने को तैयार हैं। उनकी वापसी से टीम संयोजन में बदलाव तय है, खासकर जब उनके विकल्प जैकब बेथेल उम्मीदों पर खरे नहीं उतर पाए हैं।आईपीएल 2026 के अहम दौर के बीच रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के लिए राहत भरी खबर सामने आई हैं। इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज फिल सॉल्ट इस सप्ताह भारत लौट सकते हैं। मौजूद जानकारी के अनुसार, वह उंगली की चोट से उबर चुके हैं और जल्द टीम के साथ जुड़ने की तैयारी में हैं।बता दें कि फिल सॉल्ट को 18 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले के दौरान चोट लगी थी। सीमा रेखा के पास गेंद रोकने की कोशिश में उनके बाएं हाथ की उंगली चोटिल हो गई थी। इसके बाद वह आईपीएल के किसी भी मुकाबले में नहीं खेल पाए थे और इलाज के लिए अपने परिवार के पास इंग्लैंड लौट गए थे।फिल सॉल्ट की गैरमौजूदगी के बावजूद रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्लेऑफ में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली हैं। टीम अब क्वालीफायर–1 में




पहुंचने की मजबूत दावेदार मानी जा रही हैं। हालांकि यह अभी साफ नहीं हुआ है कि फिल सॉल्ट शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में खेलेंगे या नहीं। माना जा रहा है कि टीम प्रबंधन प्लेऑफ से पहले किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहता हैं।गौरतलब है कि फिल सॉल्ट की जगह इंग्लैंड के ही युवा बल्लेबाज जैकब बेथेल को मौका दिया गया था, लेकिन वह उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सके हैं। उन्होंने सात पारियों में केवल 96 रन बनाए हैं और उनका सर्वोच्च स्कोर 27 रन रहा हैं। ऐसे में फिल सॉल्ट की वापसी के बाद टीम संयोजन में बदलाव तय माना जा रहा हैं।वहीं पंजाब किंग्स के खिलाफ हालिया मुकाबले में वेंकटेश अय्यर ने नाबाद 73 रन की पारी खेलकर चयनकर्ताओं के लिए नई चुनौती खड़ी कर दी हैं। उन्होंने उस मैच में रजत पाटीदार की जगह खेला था।बता दें कि आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार भी चोट के कारण पिछले मुकाबले में नहीं खेल पाए थे। कोलकाता नाइट राइडर्स के तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी की बाउंसर उनके हेलमेट पर लगी थी, जिसके बाद उन्हें आराम दिया गया था। हालांकि कार्यवाहक कप्तान जितेश शर्मा ने मैच के बाद कहा कि पाटीदार की स्थिति अब बेहतर हैं और वह सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में वापसी कर सकते हैं।ऐसे में प्लेऑफ से पहले आरसीबी के सामने टीम चयन को लेकर दिलचस्प स्थिति बनती दिखाई दे रही हैं।

# बंगाल टाईगर का ऐतिहासिक प्रदर्शन, पाकिस्तान को धूल चटाकर डब्लूटीसी में भारत से निकला आगे

पाकिस्तान के खिलाफ लगातार दूसरी टेस्ट श्रृंखला जीतकर बांग्लादेश ने इतिहास रच दिया है, दूसरे मैच में टीम ने 78 रनों से जीत हासिल की। इस जीत का सीधा असर ॅज्ब अंक तालिका पर पड़ा, जहाँ बांग्लादेश 58.33: अंकों के साथ भारत को छठे स्थान पर धकेलकर पांचवें पर पहुँच गया। सिलहट में बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए पाकिस्तान को दूसरे टेस्ट मैच में 78 रन से हराकर दो मैचों की श्रृंखला 2–0 से अपने नाम कर ली हैं। बता दें कि बांग्लादेश ने इससे पहले भी 2024 में पाकिस्तान की धरती पर पाकिस्तान का सूपड़ा साफ किया था और अब घरेलू मैदान पर भी लगातार दूसरी बार श्रृंखला जीत दर्ज की है।मौजूद जानकारी के अनुसार, पाकिस्तान को जीत के लिए 437 रन का बड़ा लक्ष्य मिला था। चौथे दिन तक मोहम्मद रिजवान और सलमान आगा की साझेदारी ने पाकिस्तान को मुकाबले में बनाए रखा था, लेकिन अंतिम दिन बांग्लादेशी गेंदबाजों ने शानदार वापसी करते हुए पाकिस्तान की उम्मीदें खत्म कर दी।

बांग्लादेश की जीत के सबसे बड़े नायक बाएं हाथ के स्पिनर ताइजुल इस्लाम रहे हैं। उन्होंने दूसरी पारी में छह विकेट झटककर पाकिस्तान की




बल्लेबाजी क्रम को पूरी तरह तोड़ दिया हैं। गौरतलब है कि अंतिम दिन ताइजुल इस्लाम ने दो महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए, जिससे पाकिस्तान की आखिरी उम्मीद भी खत्म हो गई है।मोहम्मद रिजवान ने पाकिस्तान के लिए संघर्ष जरूर किया और 94 रन की पारी खेली, लेकिन उन्हें शोरीफुल इस्लाम ने आउट कर दिया। रिजवान के आउट होते ही पाकिस्तान की हार लगभग तय हो गई थी। पाकिस्तान की पूरी टीम 358 रन पर सिमट गई।इस मुकाबले में पाकिस्तान की ओर से कप्तान शान मसूद, बाबर आजम और सलमान आगा ने भी उपयोगी पारियां खेलीं, लेकिन कोई बल्लेबाज टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सका हैं। दूसरी ओर बांग्लादेश ने पूरे मैच में दबाव बनाए रखा और हर महत्वपूर्ण मौके पर विकेट निकालने में सफलता हासिल की है।बता दें कि पहले टेस्ट में भी बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 104 रन से हराया था। शेर–ए–बांग्ला राष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए उस मुकाबले के बाद सिलहट में भी बांग्लादेश ने दमदार प्रदर्शन दोहराया।इस श्रृंखला जीत का असर विश्व टेस्ट चौम्पियनशिप की अंक तालिका पर भी पड़ा हैं। बांग्लादेश अब 58.33 प्रतिशत जीत अंक के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गया हैं, जबकि भारत छठे स्थान पर खिसक गया हैं। पाकिस्तान की टीम आठवें स्थान पर बनी हुई हैं।

गौरतलब है कि बांग्लादेश पिछले कुछ वर्षों में टेस्ट क्रिकेट में लगातार सुधार करता दिखाई दे रहा हैं। घरेलू परिस्थितियों में उनकी स्पिन गेंदबाजी अब बड़ी टीमों के लिए चुनौती बनती जा रही हैं।

# पंत पर उठते सवालों का अजित आगरकर ने दिया जवाब, वो टेस्ट टीम के अहम खिलाड़ी हैं

अफगानिस्तान के खिलाफ टीम चयन पर अजीत अगरकर ने स्पष्ट किया कि ऋषभ पंत टेस्ट के लिए महत्वपूर्ण हैं, लेकिन केएल राहुल को उपकप्तानी का अनुभव है। चयन समिति ने भविष्य




को देखते हुए वनडे में ईशान किशन और हर्ष दुबे जैसे नए खिलाड़ियों को मौका दिया है, जबकि रविंद्र जडेजा को आराम दिया गया है। भारतीय क्रिकेट टीम के चयन को लेकर इस समय काफी चर्चा चल रही है और खासकर ऋषभ पंत को लेकर सवाल लगातार उठ रहे हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट और एकदिवसीय श्रृंखला के लिए टीम घोषित होने के बाद मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने साफ कर दिया है कि टीम प्रबंधन अभी भी ऋषभ पंत को भारतीय टेस्ट टीम का अहम खिलाड़ी मानता है। हालांकि उन्हें टेस्ट उपकप्तानी से हटाकर केएल राहुल को यह जिम्मेदारी दी गई है और एकदिवसीय टीम में उनकी जगह ईशान किशन को मौका मिला है।बता दें कि 28 वर्षीय ऋषभ पंत लंबे समय से भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में मैच जिताने वाली पारियां खेलते रहे हैं। लेकिन हाल के समय में उनकी कप्तानी और सीमित ओवरों के प्रदर्शन को लेकर सवाल उठते रहे हैं। आईपीएल 2026 में भी उनकी टीम लखनऊ सबसे नीचे रही, जिसके बाद उनके नेतृत्व को लेकर चर्चा और तेज हो गई थी।जीत अगरकर ने वर्चुअल प्रेस वार्ता में कहा कि ऋषभ पंत भारतीय टेस्ट टीम के सबसे महत्वपूर्ण बल्लेबाजों में से एक हैं। उन्होंने कहा कि टीम चाहती है कि पंत वही शानदार टेस्ट बल्लेबाज बनें, जिसके लिए उन्हें जाना जाता है। अगरकर ने यह भी कहा कि इंग्लैंड दौरे पर चोटिल होने से पहले पंत ने बेहतरीन प्रदर्शन किया था और टेस्ट टीम में उनकी जगह को लेकर कोई चिंता नहीं है।गौरतलब है कि एकदिवसीय टीम में इस बार ईशान किशन को मौका दिया गया है। ईशान ने हाल ही में टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहते हुए शानदार प्रदर्शन किया था। इसके अलावा आईपीएल 2026 में भी उन्होंने हैदराबाद के लिए आक्रामक बल्लेबाजी से काफी प्रभावित किया है। इसी वजह से चयनकर्ताओं ने फिलहाल एकदिवसीय प्रारूप में ईशान किशन पर भरोसा जताया है।अगरकर ने केएल राहुल को टेस्ट उपकप्तान बनाए जाने पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि राहुल पहले भी भारत की टेस्ट कप्तानी कर चुके हैं और उनके पास अनुभव है। चयन समिति को लगा कि अगर किसी कारण शुभमन गिल उपलब्ध नहीं रहते हैं, तो राहुल टीम को संभालने के लिए सबसे सही विकल्प होंगे।इस दौरान रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल को लेकर भी बड़ा बयान सामने आया। मौजूद जानकारी के अनुसार रविंद्र जडेजा को सिर्फ इस टेस्ट मुकाबले के लिए आराम दिया गया है। चयनकर्ताओं ने साफ किया कि जडेजा अब भी भारतीय टेस्ट टीम के प्रमुख स्पिनर हैं। वहीं अक्षर पटेल को एकदिवसीय टीम से बाहर रखकर नए खिलाड़ियों को मौका देने की कोशिश की जा रही है।युवा खिलाड़ी हर्ष दुबे को टेस्ट और एकदिवसीय दोनों टीमों में जगह मिली है। अगरकर ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में होने वाले अगले विश्व कप को ध्यान में रखते हुए चयनकर्ता नए विकल्पों को आजमाना चाहते हैं।मोहम्मद शमी को लेकर भी काफी सवाल हुए। अगरकर ने बताया कि फिलहाल शमी का शरीर सिर्फ छोटे प्रारूप के लिए तैयार माना जा रहा है, इसलिए चयन बैठक में उनके नाम पर ज्यादा चर्चा नहीं हुई। हालांकि जम्मू–कश्मीर के तेज गेंदबाज औकिब नबी की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि वह चयन के काफी करीब थे। औकिब ने रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करते हुए 60 विकेट लिए थे और जम्मू–कश्मीर को पहली बार खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई थी।अगरकर ने जसप्रीत बुमराह की फिटनेस पर भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बुमराह ध ीरे–धीरे अपना कार्यभार बढ़ा रहे हैं और उम्मीद है कि इंग्लैंड दौरे तक वह पूरी तरह फिट होकर वापसी करेंगे।

# मखाना उत्पादन के लघिए 71 हजार तो खेत के लिए 2 लाख रुपये दे रही सरकार

अधिकारियों ने कहा कि मखाना की खेती करने वाले किसान मॉडर्न तरीके अपनाने और प्रोडक्शन बेहतर करने के लिए 71,600 रुपये तक की मदद के हकदार होंगे। राज्य में मखाना की खेती और प्रोसेसिंग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं के तहत सब्सिडी और अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। बिहार सरकार ने नेशनल मखाना बोर्ड के तहत फाइनेंशियल ईयर 2026–27 के लिए मखाना डेवलपमेंट स्कीम शुरू की है, जिसमें खेती से लेकर एक्सपोर्ट तक सप्लाई चेन में सब्सिडी दी जाएगी। इस स्कीम का मकसद मखाना, जिसे फॉक्स नट्स भी कहते हैं, के प्रोडक्शन, प्रोसेसिंग और मार्केटिंग को बढ़ाकर किसानों की इनकम बढ़ाना है। बिहार भारत में मखाना का सबसे बड़ा प्रोड्यूसर है। इस पहल से विशेष रूप से कोसी, मिथिलांचल और सीमांचल जैसे क्षेत्रों के किसानों को लाभ होगा।अधिकारियों ने कहा कि मखाना की खेती करने वाले किसान मॉडर्न तरीके अपनाने और प्रोडक्शन बेहतर करने के लिए 71,600 रुपये तक की मदद के हकदार होंगे। राज्य में मखाना की खेती और प्रोसेसिंग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं के तहत सब्सिडी और अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे किसानों की आय बढ़ाने और आधुनिक खेती को बढ़ावा देने की कोशिश की जा रही है। किसानों और यूनिट्स के लिए कितने तक सब्सिडी?– खेत तालाब विकास और



संरचना तैयार करने के लिए करीब 2 लाख तक का अनुदान दिया जा रहा है– यह सहायता पात्र किसानों को योजना की शर्तों के अनुसार दी जाती है।प्रोसेसिंग यूनिट्स के लिए सब्सिडी माइक्रो यूनिट्सरू 5 लाख – मीडियम यूनिट्स 1.5 करोड़– बड़ी यूनिट्सरू ध्3.5 करोड़– इसके अलावा, किसानों को खेत लेवल पर प्रोडक्ट मैनेजमेंट यूनिट्स के लिए ध्2 लाख की मदद मिलेगी किन किसानों को मिलेगा लाभ?– बिहार के पंजीकृत किसान– मखाना की खेती करने वाले या शुरू करने के इच्छुक किसान– तालाब आधारित खेती करने वाले किसान– किसान समूह और एफपीओ (थ्च्व्) भी पात्र हो सकते हैंकिन कामों के लिए मिलती है सहायता?– मखाना उत्पादन – बीज और खेती की लागत और आधुनिक तकनीक अपनाने में सहायता– खेतध्तालाब विकासरू तालाब की खुदाई या मरम्मत, खेती के लिए बुनियादी ढांचा तथा जल प्रबंधन व्यवस्था– प्रोसेसिंग और भंडारण रू कुछ योजनाओं में प्रोसेसिंग यूनिट और स्टोरेज के लिए भी सहायता उपलब्ध होती ह।

# सेयर मार्केट में भी रौनक,सेंसेक उछला और आल टाइम्स लो से उबरकर मजबूत हुआ भारतीय रुपया

ईरान पर अमेरिकी रुख में नरमी के संकेतों से रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर से 41 पैसे सुधरकर 96.45 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विदेशी निवेशकों द्वारा जारी बिकवाली के कारण बाजार में भू–राजनीतिक जोखिमों को लेकर सतर्कता बनी हुई है। रुपया बृहस्पतिवार को शुरुआती कारोबार में अपने सर्वकालिक निचले भाव से 41 पैसे चढ़कर 96.45 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ईरान के साथ वार्ता के अंतिम चरण में पहुंचने के संकेत देने के बाद निवेशकों की धारणाओं को थोड़ा बल मिला है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का कहना है कि निवेशक अब भी पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने या कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आने की आशंका के मद्देनजर भू–राजनीतिक जोखिम और तेल की कीमतों को लेकर सतर्क हैं।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.25 पर खुला। फिर शुरुआती कारोबार में 96.45 प्रति डॉलर तक पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 41 पैसे अधिक है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अपने सर्वकालिक निचले स्तर 96.86 पर बंद हुआ था। कारोबार के दौरान एक समय यह 96.95 प्रति डॉलर तक भी टूट गया था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.18 पर रहा।घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 327.74 अंक चढ़कर 75,646.13 अंक पर जबकि निफ्टी 111.75 अंक की बढ़त के साथ 23,772.05 अंक पर पहुंच गया। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.71 प्रतिशत की बढ़त के साथ 105.77 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बुधवार को शुद्ध बिकवाल रहे थे और उन्होंने 1,597.35 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रध ानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच ईरान के खिलाफ जारी युद्ध की आगे की रणनीति को लेकर फोन पर बातचीत हुई। अमेरिका दोबारा सैन्य हमले करने के बजाय समझौते के पक्ष में दिखाई दे रहा है।

# निर्देशक मिलाप जावेरी की फिल्म तेरा यार हूं मैं को मिली नई रिलीज तारीख, अब 31 जुलाई को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

पिछले साल एक दीवाने की दीवानियतत्र जैसी रोमांटिक फिल्म देने वाले निर्देशक मिलाप जावेरी अब एक और रोमांटिक फिल्म तेरा यार हूं मैंच लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म से निर्देशक इंद्र कुमार के बेटे अमन इंद्र कुमार बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं। फरवरी में जारी हुए फिल्म के फर्स्ट लुक के बाद अब फिल्म की नई रिलीज डेट सामने आ गई है।मेकर्स ने आज फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। फिल्म का एक पोस्टर जारी करते हुए मेकर्स ने ये कंफर्म किया कि तेरा यार हूं मैं 31 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इसके साथ ही कैप्शन में मेकर्स ने लिखा, प्यार, दोस्ती, इमोशन और संगीत के लिए तैयार हो जाइए। तेरा यार हूं मैं 31 जुलाई को सिनेमाघरों में आ रही है।च इसके साथ ही मेकर्स ने कंफर्म किया कि फिल्म से इंद्र कुमार के बेटे अमन कुमार अपनी शुरुआत कर रहे हैं। उनके साथ आकांक्षा शर्मा इस प्यार, ड्रामा, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर म्युजिकल लव स्टोरी में नजर आएंगी।इससे पहले मेकर्स ने फरवरी में फिल्म की घोषणा करते हुए इसका फर्स्ट लुक जारी किया था। तब मेकर्स फिल्म को 22 मई को रिलीज करने वाले थे। लेकिन अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट बदल दी है। फिल्म का जो पोस्टर जारी किया गया है, उसमें फिल्म के लीड कलाकार अमन इंद्र कुमार और आकांक्षा शर्मा नजर आ रहे हैं। व्हाइट बैकग्राउंड में दोनों के चेहरों का क्लोज अप शॉट है, जिसमें दोनों एक–दूसरे में खोए नजर आ रहे हैं। अभी तक फिल्म की कहानी के बारे में ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। मिलाप जावेरी की आखिरी निर्देशित फिल्म श्मस्तीच फ्रेंचाइजी की श्मस्ती 4च है, जो पिछले साल रिलीज हुई थी। पिछले साल ही उनकी रोमांटिक फिल्म श्एक दीवाने की दीवानियतत्र भी रिलीज हुई थी। इस



फिल्म ने काफी चर्चाएं बटोरी थीं।

# मोहन लाल की दृश्यम 3 ने रिलीज से पहले ही कर डाली बंपर कमाई, हर 24 घंटे में बिक रहे 30 हजार से ज्यादा टिकट

दृश्यम फ्रैंचाइजी की तीसरी किस्त ने रिलीज से पहले काफी माहौल बना दिया है. फैंस मोहनलाल स्टारर इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और इसी के साथ इसे पहले दिन के लिए खूब प्री टिकट सेल हो रही है. ऐसे में दृश्यम 3 ने एडवांस बुकिंग में ही अच्छा–खासा कलेक्शन कर डाला है.बता दें कि दृश्यम 3 मोहनलाल के 66वें जन्मदिन के मौके पर यानी 21 मई को रिलीज होने वाली है. यह फिल्म, एक सामान्य थिएटर रिलीज से कहीं बढ़कर एक्टर के फैंस के लिए एक बड़े इवेंट जैसी है. इन सबके बीच दृश्यम 3 प्री टिकट सेल में भी कमाल कर रही है.इसने ऑफिशियली अब ममूटी–मोहनलाल की स्पाई थ्रिलर फिल्म पैट्रियट के लास्ट प्री–सेल्स आंकड़ों को पीछे छोड़ दिया है. बता दें कि पैट्रियट ने बुक माई शो पर 333,000 टिकटों के साथ अपनी मजबूत स्थिति बनाए रखी थी लेकिन अब दृश्यम 3 ने इसे मातदे दी है 334,000 का आंकड़ा पार कर लिया है और प्लेटफॉर्म के इतिहास में दूसरी सबसे ज्यादा बिकने वाली मलयालम फिल्म बन गई है. यह अब केवल एल2रू एम्पुरान द्वारा बनाए गए 13 लाख के विशाल रिकॉर्ड से पीछे है. गौरतलब है कि बॉक्स ऑफिस पर हाई–ऑक्टेन एक्शन फिल्मों का दबदबा रहता है, लेकिन दृश्यम 3 मॉलीवुड के इतिहास में रिलीज से पहले इस स्तर का दबदबा कायम करने वाली पहली प्योर सस्पेंस–ड्रामा फिल्म बन गई है।फिल्म की पॉपुलैरिटी का अंदाजा रियल–टाइम डेटा से साफ तौर पर लगाया जा सकता है, जहां फिलहाल हर 24 घंटे में लगभग 30,000 टिकट बिक रहे हैं, अकेले केरल में ही पहले दिन की एडवांस कमाई 5 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है, जहां राज्य में 2 लाख से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं. कोच्चि, तिरुवनंतपुरम और कालीकट जैसे प्रमुख शहरों में भारी भीड़ देखी जा रही है, जहां सुबह 4रू00 और 7.00 बजे के कई फैन शो पहले ही हाउसफुल हो चुके हैं. फिलहाल, राज्य भर में 1,200 से ज्यादा शो ट्रैक किए



जा रहे हैं, और रिलीज की तारीख नजदीक आने के साथ ही कई शो तेजी से भर रहे हैं.

वहीं फिल्म मेकर्स का दावा है कि दृश्यम 3 ने वर्ल्डवाइड प्री–सेल्स के जरिए 20 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई की है. सैकनिल्क रिपोर्ट के अनुसार, रिलीज से पहले ही दृश्यम 3 की दुनियाभर में प्री टिकट सेल 15 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है. अभी फिल्म की रिलीज में दो दिन बचे हैं यानी प्री टिकट सेल का आंकड़ा और बढ़ेगा.दृश्यम जॉर्जकुट्टी और उसके परिवार की कहानी है, जो एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के बेटे के लापता होने के बाद संदेह के घेरे में आ जाते हैं. इस एक्साइटिंग कहानी की शुरुआत 2013 में मोहनलाल स्टारर मलयालम फिल्म से हुई थी. फिल्म की सफलता के बाद, इसका सीक्वल 2022 में आया था. अब इसका तीसरा भाग 21 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगा. बता दें कि तीनों फिल्मों का निर्देशन जीतू जोसेफ ने किया है.

# करुप्पु ने दुनियाभर में मचाया तहलका, चार दिन में कर डाली छप्पर फाड़ कमाई, अब 150 करोड़ से है बच इंचभर दूर

सूर्या और तृषा कृष्णन की लेटेस्ट रिलीज फिल्म श्करुप्पुत्र ने बॉक्स ऑफिस पर कब्जा जमा लिया है. यहां तक कि ये फिल्म आयुष्मान खुराना की श्पति पत्नी और वो दोच से लेकर संजय दत्त की श्आखिरी सवालत्र तक पर भारी पड़ रही है और हर दिन डबल डिजिट में कमाई कर रही है. दिलचस्प बात ये है कि ये फिल्म वर्ल्डवाइड भी तहलका मचा रही है और इसने रिलीज के महज चार दिनों में दुनियाभर में शानदार कमाई कर डाली है. चलिए यहां जानते हैं श्करुप्पुत्र ने वर्ल्डवाइड कितना कलेक्शन कर लिया है?



श्करुप्पुत्र की रिलीज के साथ ही साउथ इंडियन फिल्म इंडस्ट्री को सेलिब्रेशन का मौका मिल गया है. दरअसल सूर्या और तृषा कृष्णन की इस पौराणिक ड्रामा को दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं. शुक्रवार को रिलीज के बाद इस फिल्म ने दमदार शुरुआत की और वीकेंड में भी इसने बॉक्स ऑफिस पर अपना दबदबा कामय रखा. हालांकि सोमवार को फिल्म की कमाई में थोड़ी गिरावट आई, लेकिन फिर भी इसने दुनियाभर में रिकॉर्ड कमाई की है.

सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने रिलीज के चौथे दिन यानी मंडे को भारत में 5,947 शो में 14.30 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन किया. तमिल और तेलुगु में रिलीज हुई इस फिल्म ने तमिल से 12.10 करोड़ रुपये और तेलुगु से 2.20 करोड़ रुपये कमाए. इसके बाद करुप्पु का भारत में ग्रॉस कलेक्शन 95.30 करोड़ रुपये और चार दिनों की नेट कमाई 82.30 करोड़ रुपये हो गई है.

इसके अलावा, विदेशी बाजार में फिल्म ने चौथे दिन 4 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया जिससे ओवरसीज में इसकी ग्रॉस कमाई अब 46.00 करोड़ रुपये हो चुकी है. इसके साथ ही, करुप्पु का दुनियाभर में कुल कलेक्शन 141. 30 करोड़ रुपये हो गया है.ये फिल्म 150 करोड़ का आंकड़ा छूने से इंचभर दूर है. फिल्म जिस तरह से शानदार परफर्म कर रही है उसे देखते हुए लग रहा है कि मंगलवार को ये इस उपलब्धि को हासिल कर लेगी को 150 करोड़ के क्लब में शामिल हो जाएगी. बता दें कि करुप्पु को इंटरनेशनल मार्केट में खासतौर पर मिडिल ईस्ट, नॉर्थ अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, मलेशिया और सिंगापुर में काफी पसंद किया जा रहा है, जो दुनिया भर में तमिल फिल्म लवर्स के बीच सूर्या की बढ़ती पॉपुलैरिटी का हिंट है. आने वाले दिनों में भी फिल्म की कमाई में कोई कमी आने की उम्मीद नहीं है, क्योंकि सोशल मीडिया पर इसकी खूब चर्चा हो रही है. पिछले कुछ सालों से सूर्या बॉक्स ऑफिस पर इसी उछाल की उम्मीद कर रहे हैं. ड्रीम वॉरियर पिक्चर्स की फिल्म श्करुप्पुत्र में सूर्या और तृषा कृष्णन के अलावा आरजे बालाजी, शिवदा, योगी बाबू और स्वासिका समेत कई अन्य कलाकार हैं। आरजे बालाजी द्वारा निर्देशित इस फिल्म को ड्रीम वॉरियर पिक्चर्स के बैनर तले एस.आर. प्रभु और एस.आर. प्रकाश बाबू ने प्रोड्यूस किया है.

# बाक्स आफिस पर पति पत्नी और वो दो का चौथे दिन बिगड़ा संतुलन, चार दिन में ही बुरी तरह पिट चुकी आखिरी सवाल

आयुष्मान खुराना की रोमांटिक–कॉमेडी पति पत्नी और वो दो ने वीकेंड पर दमदार प्रदर्शन किया था। हालांकि कारोबारी दिनों में लौटकर इसके कदम डगमगाने लगे हैं। बॉक्स ऑफिस पर पहले ही सोमवार को कमाई का संतुलन बिगड़ता दिखाई दिया है। वहीं दूसरी ओर, सूर्या और तृषा कृष्णन की फिल्म करप्पू ताबड़तोड़ कमाई करती जा रही है और 100 करोड़ के क्लब में जगह बनाने के बेहद करीब है। इन दोनों के आगे फिल्म आखिरी सवाल औंधे मुंह गिर गई है।

सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने अपने पहले सोमवार, यानी चौथे दिन सिर्फ 3.25 करोड़ रुपये कमाए हैं। यह अब तक का सबसे कम आंकड़ा है, क्योंकि 4 करोड़ रुपये से खाता खोलकर इसने दूसरे दिन 5.75 करोड़ और तीसरे दिन 7.75 करोड़ रुपये कमाए थे। 4 दिनों में फिल्म कुल 20.75 करोड़ रुपये जमा कर पाई है। आगे की राहें और मुश्किल होंगी क्योंकि अगले हफ्ते अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी की फिल्म चांद मेरा दिल रिलीज हो रही है।रितेश देशमुख द्वारा निर्देशित और स्टारर फिल्म राजा शिवाजी ने रिलीज के 18वें दिन 1.15 करोड़ रुपये कमाए, जबकि 17वें दिन इसने 3.45 करोड़ रुपये कमाए थे. बता दें कि इस फिल्म की भारत में 18 दिनों की नेट कमाई अब 85.71 करोड़ रुपये हो चुकी है.

कृष्णावतारम पार्ट 1 ने रिलीज के दूसरे वीकेंड तक बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म किया था लेकिन दूसरे मंडे को इसकी कमाई को बड़ा झटका लगा है. बता दें कि सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक रिलीज के 12वें दिन इस फिल्म ने महज 73 लाख रुपये कमाए, जबकि 11वें दिन इसने 3.20 करोड़ रुपये कमाए थे. फिल्म की कुल कमाई भारत में अब 20.95 करोड़ रुपये हो चुकी है. बता दें कि इसकी कहानी भगवान कृष्ण के जीवन पर आधारित है.संजय दत्त की हालिया रिलीज फिल्म आखिरी सवाल बॉक्स ऑफिस पर महज चार दिन में ही बुरी तरह पिट चुकी है. इस फिल्म ने अपनी रिलीज के तीसरे दिन, रविवार को महज 80 लाख रुपये कमाए थे. वहीं



मंडे टेस्ट में तो ये बुरी तरह फेल हो गई, सैकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक इस फिल्म ने सोमवार को यानी अपनी रिलीज के चौथे दिन केवल 21 लाख रुपये ही कमाए. फिल्म का चार दिनों का भारत में कुल कलेक्शन अब 2.16 करोड़ रुपये हुआ है.

# फिल्म मैं वापस आऊंगा से नया गाना मस्कारा हुआ जारी, एआर रहमान ने दिया संगीत

इम्तियाज अली की फिल्म मैं वापस आऊंगा अगले महीने सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। फिल्म अमर सिंह चमकीला के बाद, दिलजीत दोसांझ का इम्तियाज के साथ यह दूसरा सहयोग है। उनके साथ वेदांग रैना और शरवरी भी फिल्म का हिस्सा हैं। निर्माताओं ने फिल्म से नया गाना मस्कारा जारी कर दिया है। इससे पहले, दिलजीत की आवाज में फिल्म से पहला आधिकारिक गाना क्या कमाल है रिलीज किया गया था।मस्कारा गाने को टिप्स ऑफिशियल नाम के यूट्यूब चौनल पर जारी किया गया है। इस गाने को ऑस्कर विजेता एआर रहमान ने कंपोज किया है और इसके बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं। निलंजना घोष दस्तीदार ने गाने को आवाज दी है और उनका साथ वेदांग ने दिया है। यह पहला मौका है जब उन्होंने अभिनय के साथ–साथ गाने में भी हुनर दिखाया है। बता दें, मैं वापस आऊंगा 12 जून को सिनेमाघरों का रुख करने के लिए तैयार है।फिल्म मैं वापस आऊंगा में दिलजीत दोसांझ के साथ नसीरुद्दीन शाह, शरवरी वाघ और वेदांग रैना अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे. यह फिल्म अप्लॉज एंटरटेनमेंट और विंडो सीट फिल्म्स द्वारा निर्मित है,



# खुद की काबिलियत पर भरोसा करें महिलाएं, मेहनत से मिलती है कामयाबी - हुमा कुरैशी

बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी इन दिनों कान्स फिल्म फेस्टिवल में अपना जलवा बिखेर रही हैं। मंगलवार को अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर अपना नया लुक शेयर किया, जिसके साथ उन्होंने आज की भारतीय महिला की पहचान को लेकर एक बेहद दिलचस्प और दिल छू लेने वाली बात कही है। हुमा ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस लेटेस्ट लुक की कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में वे ब्लैक कलर के खूबसूरत वनपीस आउटफिट में नजर आ रही हैं। अपनी इस पोस्ट में उन्होंने लिखा, मेरे लिए एक आधुनिक भारतीय महिला होने का मतलब परफेक्ट होना नहीं है, बल्कि अपनी जड़ों (संस्कृति) को छोड़े बिना अपनी मेहनत के दम पर दुनिया में धीरे–धीरे आगे बढ़ना है। खुद को बदले बिना दुनिया में अपनी एक अलग और नई पहचान बनाना ही सबसे बड़ी खूबी है। हुमा ने महिलाओं का हौसला बढ़ाते हुए लिखा, जीवन में मुश्किलों से डरने के बजाय उन्हें अपनी असली ताकत बनाना चाहिए। अपने सपनों को खुलकर और खूबसूरती से जीना जरूरी है। जब आप किसी ऊंचे मुकाम पर पहुंचें, तो आपके मन में यह पक्का विश्वास होना चाहिए कि आप यहां सिर्फ अपनी किस्मत के भरोसे नहीं, बल्कि अपनी कड़ी मेहनत के दम पर पहुंची हैं।अभिनेत्री ने आखिर में लिखा कि हर महिला को हमेशा पूरी सच्चाई और आत्मविश्वास के साथ अपनी जिंदगी जीनी चाहिए। उन्होंने लिखा, जिंदगी में जब भी कोई नया मोड़ आए, तो उसे अपनी सकारात्मकता से खास बना देना चाहिए। फिर मिलेंगे कान्स में।अभिनेत्री हुमा कुरैशी जल्द ही टॉक्सिकरू ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन–अप्स में नजर आएंगी।



# साड़ी में गजब ढाती हैं जाह्नवी कपूर, पेड्डी एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर अटक जाएगा आपका दिल

एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर के साड़ी अवतार में अलग–अलग लुक्स को देख दंग रह जाएंगे आप. देखिए कैसे अपने साड़ी लुक से जाह्नवी ने फैंस का दिल जीता और इंटरनेट पर अपना जलवा बिखेरा. जब बात बॉलीवुड के फैशन की हो और एक्ट्रेसेस का साड़ी लुक में ग्लैम दिखे, तो जाह्नवी कपूर का नाम सबसे पहले आता है. जाह्नवी कपूर अकसर अपने इंस्टाग्राम पर साड़ी लुक में फोटो अपलोड करती नजर आती हैं. जेन–जी एक्ट्रेस का ट्रैडिशनल लुक उनके फैंस का दिल हर बार जीत लेता है. जाह्नवी कपूर के साड़ी अवतार की बात हो तो केवल उनके कपड़े और मेकअप नहीं, ब्लकि उनकी बॉडी लैंग्वेज, स्टाइल, और ग्रेस कि तारीफ भी करी जाती है. भारी और डिजाइनर साड़ी में जाह्नवी का चहरा और भी ज्यादा खिल कर आता है. ट्रेंडिंग फैशन सेंस के साथ– साथ साड़ी में ग्लैमरस लुक देना उनकी खासीयत है. जाह्नवी का साड़ी अवतार हमेशा अलग अंदाज में सामने आता है. इस लुक में जाह्नवी बेहद रॉयल लग रही हैं. ट्रेडीशनल साउथ लुक, हैवी ज्वेलरी, बिंदी, मिनिमल मेकअप और चहरे पर मासूमियत. जाह्नवी कपूर के साड़ी को ड्रेप करने का तरीका हमेशा काफी ग्रेसफुल और एलिगेंट रहता है. इसी के साथ उनका नो–हेवी मेकअप लुक उनके अवतार में चार–चांद लगा देता है. डिजाइनर साड़ी के अलावा जब जाह्नवी प्लेन कॉटन, प्रिंटेड या सिल्क कि साड़ी पहनती हैं तो उनको देखते ही श्रीदेवी का 80ह्य वाला लुक सामने आ जाता है. मॉर्डन ड्रेसेस और हेवी मेकअप लुक जाह्नवी पर खुब जचता है, लेकिन साड़ी में उनकी खूबसूरती और कॉनफिडेंस अलग ही खिलता है. हाल ही में अपनी अपकमिंग फिल्म पेड्डी के ट्रेलर लॉन्च के लिए जाह्नवी ने ब्लू साड़ी लुक में सोशल मीडिया पर फोटो डाली. तस्वीरें देख फैंस बोले ट्रेडिशनल हो तो ऐसा.



हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया

स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।

सम्पादक–शील कुमार शुक्ला

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।